
मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ



भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

सकारात्मक साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

राजस्थान, गुजरात, हरियाणा, उत्तर प्रदेश में प्रसारित

jagrukjanta.net

/jagrukjanta

/jagrukjantanews

jagruk_janta

आषाढ़, पक्ष - कृष्ण, तिथि - अमावस्या, संवत 2079 पृष्ठ : 8 | जयपुर, बुधवार | वर्ष-8, अंक-18, 29 जून - 5 जुलाई, 2022 | मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-

### उदयपुर में भारी तनाव, इंटरनेट बंद

# नूपुर शर्मा समर्थक की दिनदहाड़े हत्या



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** उदयपुर के मालदास गली इलाके में मंगलवार शाम दिनदहाड़े दो युवकों द्वारा भाजपा की निलंबित नेता नूपुर शर्मा का समर्थन करने वाले व्यक्ति की सिर कलम कर हत्या किए जाने के बाद इलाके में भारी तनाव का माहौल है। हालात पर काबू पाने के लिए उदयपुर जिले में 24 घंटे के लिए इंटरनेट बंद करने के साथ ही पुलिस बल मौके पर तैनात कर दिया गया है। घटना पर रोष जताते हुए स्थानीय लोग अपनी दुकानें बंद कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने उदयपुर में हुए इस जघन्य हत्याकांड पर कहा कि यह बहुत ही दुखद घटना है। यह कोई छोटी घटना नहीं है, जो हुआ वह किसी की कल्पना से परे है। दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। अशोक गहलोत ने दो ट्वीट कर कहा, उदयपुर में युवक की जघन्य हत्या की भर्त्सना करता हूं। इस घटना में शामिल सभी अपराधियों कठोर कार्रवाई की जाएगी एवं पुलिस अपराध की पूरी तह तक जाएगी। मैं सभी पक्षों से शान्ति बनाए रखने की अपील करता हूं। ऐसे जघन्य अपराध में लिप्त हर व्यक्ति को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाएगी। मैं सभी से अपील करता हूं कि इस घटना का वीडियो शेयर कर माहौल खराब करने का प्रयास ना करें। वीडियो शेयर करने से अपराधी का समाज में घृणा फैलाने का उद्देश्य सफल होगा। शहर में युवक का सिर कलम करने पर कलेक्टर उदयपुर ने कहा कि मैं सभी से शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील करता हूं। प्रभावित परिवार को सरकार की ओर से मदद मुहैया कराई जाएगी। आरोपियों पर होगी कड़ी कार्रवाई। वहीं, विपक्ष के नेता गुलाब चंद कटारिया ने उदयपुर हत्याकांड पर बोलते हुए कहा कि हमने सीएम से बात की है। इसमें शामिल लोगों को गिरफ्तार किया जाए और पीड़ित परिवार को सहायता दी जाए। यह घटना एक व्यक्ति के कारण संभव नहीं है, यह किसी संगठन के कारण हो सकता है। यह भयावह और प्रशासन की विफलता है।

# देशभर में 1 जुलाई से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पाबंदी


**जयपुर @ जागरूक जनता।** देशभर में 1 जुलाई के बाद सिंगल यूज प्लास्टिक उत्पाद बनाना, बेचना और उपयोग करना गैर कानूनी होगा। समस्या डिस्पोजेबल व्यापारियों की है। प्रदेश की बात करें तो यहां करीब 10 हजार लोग डिस्पोजेबल उत्पादों के व्यापार से जुड़ें। इनके माध्मय से प्रदेश में करीब 1 लाख लोगों को रोजगार मिलता है। सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन से इन लोगों पर रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया है। राजस्थान डिस्पोजेबल ट्रेडर्स एसोसिएशन के प्रवक्ता राकेश खंडेलवाल का कहना है कि कोरोना के कारण पिछले दो साल से सामूहिक आयोजनों से सम्बन्धित व्यापार पहले से ही ठप था, अब सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन से हजारों लोगों के रोजगार पर संकट छा गया है। सरकार मिट्टी, लकड़ी और कागज के उत्पादों को विकल्प के तौर पर प्रचारित कर रही है, उनकी कीमतें प्लास्टिक की तुलना में 4 से 10 गुना तक ज्यादा है और उपलब्ध भी नहीं है और ना ही सरकार के पास विकल्प उपलब्ध कराने का कोई रोड़मैप है।












# गुप्त नवरात्र में 3 साल बाद पुष्य, अमृत और सर्वार्थ सिद्धि योग, खरीदारी शुभ

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** 30 जून से शुरू हो रही आषाढ़ मास की गुप्त नवरात्र इस बार कई शुभ योगों के बीच मनेगी। नवरात्र में तीन साल बाद गुरुपुष्य, सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग रहेंगे। इसके पहले यह योग वर्ष 2019 में बने थे। ये पूरे नौ दिन खरीदारी के लिए भी समृद्धिकारक रहेंगे। लोग देवी माता की पूजा-आराधना में अपनी राशि के अनूकूल चयनित मंत्रों का जाप करें तो यह उनके लिए और भी श्रेष्ठ फलदायी रहेगी। दूसरी ओर इसी वर्ष शारदीय नवरात्र 26 सितंबर से शुरू होकर 4 अक्टूबर तक रहेगी।



### 8 जुलाई को भड़ली नवमी पर अबूझ मुहूर्त

**पहले** दिन 30 जून को सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से रात 12:30 तक, 6 जुलाई को सुबह 7:58 से रात 12:56 तक रहेगा। पुष्य नक्षत्र योग 30 जून को रात 11:45 से 1 जुलाई को रात 12:35 तक रहेगा। 3 और 4 जुलाई को रवि योग रहेगा। नवरात्र का समापन 8 जुलाई को भड़ली नवमी पर होगा। यह दिन अबूझ मुहूर्त वाला होता है।

### शुरुआत पुष्य से

**नवरात्र** का 8 जुलाई को भड़ली नवमी पर समापन होगा। यह दिन अबूझ मुहूर्त वाले दिवसों में शामिल है। नवरात्र के पहले दिन 1 जुलाई को पुष्य नक्षत्र योग है। विशेष धार्मिक अनुष्ठान और खरीदारी के लिए 30 जून, 3 और 6 जुलाई को सर्वार्थ सिद्धि और अमृत सिद्धि योग रहेंगे।

### साल में चार नवरात्र

पं. अक्षय शास्त्री के अनुसार गुप्त नवरात्र में तंत्र, मंत्र और गुप्त साधनाएं की जाती हैं, जो विशेष फलदायी होती हैं। साल में चार नवरात्र होती हैं। दो गुप्त और दो सामान्य। गुप्त नवरात्र माघ और आषाढ़ में होती है, जबकि सामान्य नवरात्र चैत्र और अश्विन में मनाई जाती हैं।

### किस राशि वाले कौन सा मंत्र जपें

- **मेष-** ओम ह्रीं उमा दैव्यै नमः, ओम ऐं सरस्वत्यै नमः,
- **वृषभ-** ओम क्रां क्रीं क्रूं कालिका दैव्ये नमः
- **मिथुन-** ओम दुर्गा देव्यै नमः ओम ऐं क्लीं सोः
- **कर्क-** ओम ललिता दैव्ये नमः ओम क्लीं ऐं सोः
- **सिंह-** ओम ऐं महासरस्वती दैव्ये नमः
- **कन्या-** ओम शूल धारिणी दैव्ये नमः
- **तुला-** ओम ह्रीं उमा महालक्ष्म्यै नमः
- **वृश्चिक-** ओम शक्ति रुपाये नमः, ओम कामाख्यै नमः
- **धनु-** ओम ऐं ह्रीं क्लीं चामुण्डाये नमः
- **मकर-** ओम पां पार्वती दैव्ये नमः ओम ह्रीं श्रीं सोः
- **कुंभ-** ओम पां पार्वती दैव्ये, ओम चामुंडाये नमः
- **मीन-** ओम श्रीं ह्रीं श्रीं दुर्गा दैव्ये नमः

राजनीतिक नियुक्तियों की तीसरी सूची होगी जारी, संगठन चुनावों के जरिए ब्लॉक-जिला और प्रदेश लेवल पर संगठन में होंगी नियुक्ति

# सत्ता-संगठन में बड़े फेरबदल के संकेत, जुलाई में तीसरा मंत्रिमंडल पुनर्गठन!

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के बीच चल रही जुबानी जंग के बीच राजस्थान कांग्रेस में बड़े फेरबदल के संकेत मिल रहे हैं। अगर सब कुछ ठीक-ठाक रहा तो आगामी जुलाई माह में सत्ता और संगठन में बड़े फेरबदल देखने को मिल सकते हैं।

पार्टी से जुड़े विश्वस्त सूत्रों ने भी इसके संकेत दिए हैं। बताया जाता है प्रदेश में डेढ़ साल के बाद होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी आलाकमान सत्ता और संगठन में कई बड़े बदलाव करने की तैयारी में है, जिससे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ-साथ असंतुष्ट विधायकों की नाराजगी भी दूर की जाए और एकजुटता के साथ विधानसभा चुनाव में जाया जाए। कांग्रेस के सियासी गलियारों में चर्चा है कि सत्ता और संगठन में कांग्रेस के सभी धड़ों के नेताओं और कार्यकर्ताओं को समान महत्व देने के लिए पार्टी आलाकमान बड़े कदम उठा सकते हैं। चर्चा है कि जुलाई माह में संभावित बड़े फेरबदल की आशंका के चलते ही अब एक बार फिर सचिन पायलट कैंप और गहलोत कैंप के बीच जुबानी जंग तेज हुई है।


फाईल

### वीक परफॉर्मेंस पर मंत्रिमंडल से छुट्टी

**विश्वस्त** सूत्रों की मानें तो जुलाई माह में गहलोत सरकार का तीसरा और अंतिम मंत्रिमंडल पुनर्गठन होने की बात कही जा रही है। मंत्रिमंडल पुनर्गठन में कमजोर परफॉर्मेंस वाले मंत्रियों की मंत्रिमंडल से छुट्टी हो सकती है और उनके स्थान पर वरिष्ठ और असंतुष्ट विधायकों को मंत्री बनाकर संतुष्ट किया जा सकता है। इसके अलावा कई विधायकों को संसदीय सचिव बनाकर भी उनकी नाराजगी दूर की जा सकती है। मंत्रिमंडल पुनर्गठन में सीएम गहलोत के साथ-साथ सचिन पायलट कैंप के विधायकों को भी तवज्जो मिलने की बात कही जा रही है।

### जुलाई माह के आखिर तक मंत्रिमंडल पुनर्गठन!

**बताया** जाता है कि मंत्रिमंडल पुनर्गठन को लेकर पार्टी में शीर्ष स्तर पर मंथन हो चुका है, कहा जा रहा है कि जुलाई माह के आखिर तक तीसरा और अंतिम पुनर्गठन हो सकता है। तीसरे और अंतिम पुनर्गठन को लेकर पार्टी के प्रदेश प्रभारी अजय माकन भी पूर्व में मंत्रिमंडल पुनर्गठन के संकेत दे चुके हैं।

### राजनीतिक नियुक्तियों का भी फिर खुलेगा पिटारा

**राजनीतिक** नियुक्तियों को लेकर तीसरी सूची का इंतजार कर रहे कांग्रेस कार्यकर्ताओं और नेताओं को भी जुलाई माह में राजनीतिक नियुक्तियों की तीसरी सूची में एडजस्ट किया जा सकता है। तकरीबन आधा दर्जन बोर्ड-निगम और 15 यूआईटी और पूर्व में घोषित किए गए बोर्ड-निगमों में में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को मेंबर के तौर पर एडजस्ट किया जा सकता है। हालांकि पहले राज्यसभा चुनाव और उसके बाद दिल्ली में राहुल गांधी पर ईडी की कार्रवाई के चलते तीसरी सूची को जारी होने से रोक दिया गया था । अब जुलाई माह में राजनीतिक नियुक्ति की तीसरी सूची जारी होने के संकेत दिए गए हैं।

### संगठन में ब्लॉक-जिलाध्यक्षों की घोषणा

**जुलाई** माह में भी संगठन को मजबूत करने के लिए संगठन चुनाव के जरिए ब्लॉक और जिलाध्यक्षों की नियुक्ति की घोषणा होगी। इसके अलावा प्रदेश कार्यकारिणी, पीसीसी मेंबर और एआईसीसी मेंबर की भी घोषणा होने की बात कही जा रही है। राजस्थान कांग्रेस में पिछले 2 साल से ब्लॉक अध्यक्ष और जिलाध्यक्षों के पद रिक्त चल रहे हैं।

### पायलट को भी मिल सकती है बड़ी भूमिका

**पूर्व** डिप्टी सीएम सचिन पायलट को लेकर भी इन दिनों सियासी चर्चा जोरों पर है। कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की ओर से सचिन पायलट के पेशेंस की तारीफ करने के बाद माना जा रहा है कि जुलाई माह में संभावित सत्ता और संगठन में बड़े फेरबदल के दौरान पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट को भी सत्ता या संगठन में बड़ी भूमिका दी जा सकती है। प्रदेश में डेढ़ साल के बाद होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी आलाकमान सचिन पायलट को बड़ी भूमिका में ला सकता है।

### वरिष्ठ विधायकों की नाराजगी पड़ रही है भारी

**वहीं** दूसरी ओर दूसरे मंत्रिमंडल पुनर्गठन में मंत्री नहीं बनाए गए वरिष्ठ विधायकों की नाराजगी सत्ता और संगठन को भारी पड़ रही है। कई वरिष्ठ विधायक बजट सत्र के दौरान सदन में सरकार को जमकर घेर चुके हैं और मंत्रियों की कार्यशैली पर सवाल भी खड़े कर चुके हैं। ऐसे में तीसरे मंत्रिमंडल पुनर्गठन के जरिए वरिष्ठ और अनुभवी विधायकों को मंत्रिमंडल में शामिल कर उनकी नाराजगी दूर की जा सकती है।

# जयपुर में 20-20 रुपए में मिलेंगे 5-5 फीट के पौधे

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जेडीए इस मानसून में 60 हजार पौधे लगाएगा। आम जनता को 20–20 रुपए में 20 हजार पौधे बांटे जाएंगे। इस बार लोगों को 5–5 फीट के पौधे मिलेंगे। वहीं 20 हजार पौधे सरकारी स्कूलों, अस्पतालों सहित अन्य सरकारी संस्थाओं को दिए जाएंगे। जबकि जेडीए इस बार खुद भी अपनी खाली जमीन पर 20 हजार पौधे लगाएगा, ये पौधे मियावाकी पद्धति से लगाए जाएंगे। जेडीए वन संरक्षक महेश तिवाड़ी ने बताया कि जेडीए इस बार शहर में 60 हजार पौधे लगाएगा। इसमें जनता को 20 रुपए का एक पौध मिलेगा। पौधा वितरण 15 जुलाई से शुरू होगा। इस बार जेडीए 5–5 फीट के पौधे बांटेगा। इस बार छोटे पौधे नहीं मिल पाएंगे। 20 हजार पौधे सरकारी कार्यालयों और संस्थाओं को दिए जाएंगे।

### जेडीए जमीन पर लगेंगे मियावाकी पद्धति से पौधे

**उन्होंने** बताया कि इस बार जेडीए 20 हजार पौधे खुद की खाली जमीनों पर मियावाकी पद्धति से लगाएगा। इसमें सघन पौधारोपण कर एक ही जगह कम दूरी पर पौधे विकसित किए जाएंगे। इनमें सबसे अधिक वुडलैंड पार्क में पौधे लगाए जाएंगे।

### मियावाकी पद्धति से 1.20 लाख पौधों का लक्ष्य

**जेडीए** ने शहर के विभिन्न पार्कों सहित अन्य खाली जगहों पर करीब 3 हैक्टेयर में 1 लाख 20 हजार पौधे लगाएगा। इनमें सेन्ट्रल पार्क में 3500 पौधे लगा दिए गए है, जबकि 1500 और लगाए जाएंगे। ऐसे में सेन्ट्रल पार्क में मियावाकी पद्धति के तहत 5000 पौधे लगाए जाएंगे। सबसे अधिक 15000 पौधे वुडलैंड पार्क में लगाए जाएंगे। जेडीए ने इस पार्क में 8 हजार पौधे लगा दिए है। इस मानसून तक 7 हजार पौधे और लगाए जाएंगे। इसके लिए जगह चिह्नित कर ली गई है। वहीं जवाहर सर्किल पर 5 हजार पौधे लगाए जाएंगे।

# कलियुग में हनुमानजी की पूजा ही सर्वश्रेष्ठ-बालमुकुंद आचार्य



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** श्री बालाजी सेवक परिवार के द्वारा 158 वां संगीतमय सुंदरकांड पाठ श्री दक्षिण मुखी बालाजी मंदिर हाथोज धाम में स्वामी श्री बालमुकुंदाचार्य जी महाराज के पावन सानिध्य में आयोजित किया गया। श्री बालाजी सेवक परिवार के प्रवक्ता मोहित राजोरिया ने बताया कि पिछले कई वर्षो से प्रत्येक शनिवार हाथोज धाम के तत्वाधान में बालाजी के भक्तों के यहां निशुल्क सुंदरकांड पाठ आयोजित किया जाता है।

इस पाठ करने के पीछे का उद्देश्य घर में बालाजी की ज्योत जले एवं कलयुग के मालिक वीर बजरंगबली महाबली का गुणगान हो और बालाजी महाराज भक्तों के कष्ट दूर करे। कहा जाता है कि कलयुग में हनुमान जी की आराधना ही सबसे श्रेष्ठ बताई गई है। हनुमान जी भक्तों की मनोकामना पूर्ण करते हैं। चारों जुग परताप तुम्हारा है प्रसिद्ध जगत उजियारा आज के संगीतमय सुंदरकांड के यजमान विक्रम सिंह राठौड़ परिवार सहित उपस्थित रहे बालाजी महाराज की आरती कर सवामणि का भोग लगाया गया तत्पश्चात प्रसादी का आयोजन किया गया।



# नशा धीमे जहर की तरह- डॉ. मनस्वी

**जयपुर @ जागरूक जनता।** गौतम हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर, रिसर्च एजुकेशन एंड सर्विस ट्रस्ट एवं जिला जयपुर शास्त्री नगर थाना के संयुक्त तत्वावधान में श्री खंडेलवाल वैश्य कॉलेज में आयोजित हीरो कप 2022 रि केट टूर्नामेंट के दौरान वहां उपस्थित खिलाडियों, आमजन एवं पुलिस कर्मियों को नशा मुक्ति दिवस के उपलक्ष्य में नशे के दुष्प्रभाव एवं उनसे बचाव के बारे में जानकारी दी गई। वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉक्टर मनस्वी गौतम ने बताया कि नशा एक धीमे विष की तरह व्यक्ति, परिवार एवं समाज को खत्म करता है। भारत में शराब, भांग, गांजा, हेरोइन का अधिक प्रचलन है। एंसीबीआई सर्वे के अनुसार लगभग 1.3 करोड़ लोग चरस और गांजा, 21 प्रतिशत लोग अफीम (डोडा, फुक्की, पॉपी हस्क, हेरोइन, ब्राउन शुगर, स्मैक), 3.4 करोड़ कैनाबिस का सेवन करते हैं। नशे के कारण लक्षण एवं उपचार के बारे में बताते हुए डॉ गौतम ने युवाओं से कभी नशा न करने का संकल्प कराया। आहार विशेषज्ञ डॉ मेधावी गौतम ने नशा मुक्ति निवारण के बाद कार्बोहाइड्रेट, विटामिन एवं एंटीऑक्सीडेंट युक्त संतुलित आहार एवं स्वस्थ जीवन शैली के बारे में बात की। थाना प्रभारी दिलीप सिंह ने बताया कि बढ़ते नशे की लत से समाज में आपराधिक प्रवृत्तियों में भी बढ़ोतरी हो रही है।

# बियानी कॉलेज में समर कैम्प का समापन

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** विद्याधर नगर स्थित बियानी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित समर कैम्प का समापन शनिवार को कॉलेज के ऑडिटोरियम में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान यूनिवर्सिटी के ड्राइंग एन्ड पेंटिंग के प्रोफेसर आई वी खान, जेकेजे के डायेरक्टर अनिल मोसून, कॉलेज के डायेरक्टर डॉ संजय बियानी, कॉलेज डीन डॉ ध्यान सिंह गोठवाल और प्रिंसिपल डॉ नेहा पाण्डे ने द्वीप प्रज्वलन और गणेश वन्दना के साथ शुरुआत की।

कॉलेज के डायेरक्टर डॉ संजय बियानी ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा की अगर अपनी मन का हो तो अच्छा है अगर ना हो तो ये उससे भी अच्छा है, क्योकि इसमें ईश्वर की रज़ा होती हैं। हमें हर कार्य मन लगाकर और उत्साह के साथ करने की कोशिश करनी चाहिए, परिणाम जो भी हो हमें हमारी मेहनत में कोई कसर नहीं रखनी चाहिए। हमारे जीवन में कई उतार चढ़ाव आते है और हमें हर मुश्किल का डट कर सामना करना चाहिए। मुख्य अतिथि राजस्थान यूनिवर्सिटी के ड्राइंग एन्ड पेंटिंग के प्रोफेसर आई वी खान ने समर कैंप और प्रतिभागियों की सरहाना की। वहीं जेकेजे के डायेरक्टर अनिल मोसून ने कार्यक्रम की तारीफ करते हुए कहा की हमें छोटे छोटे बच्चो से काफी कुछ सीखने को मिला। समर कैंप में रेडियो जॉकी, डांस, सिंगिंग, योगा और ड्राइंग एन्ड पेंटिंग की क्लासेज शुरू की गयी थी। कार्यक्रम में छोटे छोटे प्रतिभागी बच्चों मनमोहक डांस की प्रस्तुति देकर सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के डीन डॉ ध्यान सिंह गोठवाल ने सभी लोगो का आभार व्यक्त किया और कहा कि बच्चों को प्रोत्साहन देने के लिए आगे भी कॉलेज द्वारा इसी तरह के कैम्प आयोजित होंगे।




ANCHOR | महारानी कॉलेज की छात्राओं ने लगाया जाम

# सरकार, हमें भी सुरक्षा मुहैया करवाएं

### यूनिवर्सिटी प्रशासन के खिलाफ खोला मोर्चा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जयपुर के महारानी कॉलेज में छात्राओं के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना का विरोध लगातार बढ़ता जा रहा है। मंगलवार को परेशान छात्राओं ने शैक्षणिक कार्य बंद कर राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर सड़क रोक जाम लगा दिया। इस दौरान मौके पर पहुंची पुलिस की टीम ने समझाइश कर मामला शांत करवाया। वहीं प्रदर्शनकारी छात्राओं ने कहा कि अगर यूनिवर्सिटी प्रशासन ने हमारी सुरक्षा की मांग को 7 दिन में पूरी नहीं किया। तो उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसके लिए सिर्फ यूनिवर्सिटी प्रशासन जिम्मेदार होगा। दरअसल, 4 जून को महारानी कॉलेज के बाहर एक युवक द्वारा छात्राओं के साथ अश्लील हरकत की गई थी। इसके अगले ही दिन पुलिस ने मनचले युवक को हिरासत में ले लिया। लेकिन इसके बाद युवक फिर से छोड़ दिया गया। वहीं अब युवक का वकील छात्राओं पर समझौते के लिए दबाव बना रहा है। जिसकी वजह से ही कई छात्राओं ने कॉलेज आना तक छोड़ दिया है। वहीं यूनिवर्सिटी प्रशासन द्वारा अब तक छात्राओं की सुरक्षा के लिए न तो गार्ड की व्यवस्था की गई है। और ना ही CCTV कैमरे लगाए गए हैं। जिसको लेकर छात्राएं लगातार विरोध कर रही है।

प्रदर्शनकारी कोमल ने कहा कि 20 दिन से ज्यादा का वक्त बीत गया है। लेकिन अब तक हमारी सुरक्षा को लेकर कोई कदम नहीं उठाया गया। ऐसे में हर दिन डर के साए में कॉलेज जाना पड़ रहा है। यूनिवर्सिटी प्रशासन आंख मूंद बैठा है। ऐसे में जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होगी हमारा आंदोलन जारी रहेगा। वहीं छात्र नेता आन्या विजय ने कहा कि सरकार महिलाओं की सुरक्षा को लेकर बड़े-बड़े वादे तो करती है। लेकिन हकीकत में वादे पूरे नहीं होते। बल्कि महिलाओं को ही परेशान होना पड़ता है। ऐसे में सरकार जब तक नहीं जागेगी हमारा विरोध जारी रहेगा।

### गहलोत बोले- कई राज्यों ने किया है, हम भी स्टडी करा रहे हैं

# नौकरियों में राजस्थान के युवाओं को 100% रिजर्वेशन की तैयारी

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में सरकार सरकारी नौकरी में प्रदेश के युवाओं को 100 प्रतिशत रिजर्वेशन देने की तैयारी कर रही है। सरकार इसके कानूनी पहलू का परीक्षण करा रही है। अगर कोई अड़चन नहीं आई तो राजस्थान में होने वाली सरकारी भर्तियों में राज्य के बाहर के अभ्यर्थी शामिल नहीं हो सकेंगे। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने मंगलवार को यूथ एक्सीलेंट सेंटर के शिलान्यास समारोह में यह संकेत दिए। गहलोत ने कहा- प्रदेश में पिछले कुछ वक्त से सरकारी नौकरियों में प्रदेश के युवाओं को आरक्षण देने की मांग उठ रही है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट की भावना के हिसाब से कहते हैं वह ठीक नहीं है। मैं स्टडी करवा रहा हूं। अगर ऐसी स्थिति बनी देश के अंदर, तो राजस्थान पहला राज्य होगा जहां युवाओं को पूरा आरक्षण मिलेगा। हमारे बच्चों की ही नौकरियां लगनी चाहिए।

गहलोत ने कहा- यह मैं इसलिए कह रहा हूं कि सुप्रीम कोर्ट कह रहा है कि यह आप कर नहीं सकते हैं। एक दो राज्यों ने फैसला किया है, उसे मैं दिखवा रहा हूं। यह वादा मैं आज आप लोगों से ही कर रहा हूं। मैं खुद चाहता हूं ऐसा काम करें कि आप खुद भी याद करते रहें।

## 3 लाख पदों पर दी जाएगी नौकरियां

सीएम ने कहा- राजस्थान में सरकार बनने के बाद 1 लाख 25 हजार से ज्यादा युवाओं को रोजगार दिया जा चुका है। एक लाख नौकरियां प्रक्रियाधीन है। जबकि एक लाख और भर्तियां की जाएंगी। ऐसे में 3 लाख पदों पर युवाओं को रोजगार दिया जाएगा। फिर भी युवा धरने देते हैं। जो पूरी तरह गलत है।



## अग्निपथ के खिलाफ प्रदर्शनों में हिंसा गलत

**मुख्यमंत्री** ने कहा कि केंद्र सरकार ने युवाओं पर अग्निपथ योजना थोप दी है, जिससे 4 साल में ही युवा बेरोजगार हो जाएगा। उन्हें पेंशन जैसी सुविधाएं भी नहीं दी जाएगी, जिससे युवाओं के भविष्य खतरे में है। ऐसे में केंद्र सरकार को इस योजना को लागू करने से पहले लोकसभा-राज्यसभा में चर्चा करनी चाहिए थी। ताकि युवाओं के हित को ध्यान में रखते की तरीके से फैसले लिए जा सकें। केंद्र सरकार सिर्फ कानून थोपने में विश्वास रखती है, जो गलत है। गहलोत ने कहा- देशभर में युवा उग्र प्रदर्शन कर रहे हैं। पूरी तरह से गलत है, हमें शांतिप्रिय तरीके से अपनी बात कहनी चाहिए। सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाना किसी भी मांग का समाधान नहीं है। राजस्थान युवा बोर्ड अध्यक्ष सीताराम लांबा ने बताया कि यूथ एक्सीलेंस सेंटर में युवा अपने भविष्य की तैयारियों को लेकर चिंतन और मंथन कर सकेंगे। एक्सीलेंस सेंटर में कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र, युवा सलाहकार सेल, मेंटरशिप कार्यक्रम के साथ ही युवाओं के रहने और खाने की व्यवस्था की जाएगी। ताकि युवा एक छत के नीचे अपने विचारों को करियर के रूप में स्थापित कर सके।

## युवा केंद्रित होगा राजस्थान का बजट

गहलोत ने कहा- राजस्थान में इस बार का बजट युवाओं पर केंद्रित होगा। मैं चाहता हूं कि खेल मंत्री, युवा बोर्ड के पदाधिकारी आप सभी लोग देशभर की युवा नीतियों का अध्ययन करें। उनमें से जो भी नीति युवाओं के लिए फायदेमंद है। हमें बताए, हम उसे राजस्थान में भी लागू करेंगे। ताकि प्रदेश के युवाओं को हर संभव मदद मिल सके।

### 10 से 12 जुलाई तक होगा चुनाव में बूथ माइक्रोमैनेजमेंट-इलेक्शन कैम्पेन पर कैम्प

# माउंट आबू में प्रदेश बीजेपी नेताओं की होगी ट्रेनिंग

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** चुनावी मोड पर आई BJP राजस्थान के सिरोही में अपने नेताओं की ट्रेनिंग के लिए जुलाई में 3 दिन का बड़ा ट्रेनिंग कैम्प लगाएगी। माउंट आबू में 10 से 12 जुलाई तक कैम्प में राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 के लिए बीजेपी नेताओं को ट्रेनिंग दी जाएगी। सभी प्रदेश पदाधिकारियों के साथ, जिलाध्यक्ष, प्रभारी, सांसद-विधायक और राजस्थान से जुड़े कई राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक में हिस्सा लेने आएंगे। यहां से ट्रेनिंग लेकर बीजेपी नेता पूरे राजस्थान में जाएंगे। चुनावी कैम्पेन में जुटेंगे। जिलों के नेताओं को भी ट्रेनिंग देंगे। प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया,प्रभारी अरुण सिंह, सह प्रभारी भारती बेन शियाल, नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया,पूर्व सीएम वसुंधरा राजे,उपनेता राजेन्द्र राठौड़, केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत, कैलाश चौधरी, अर्जुनराम मेघवाल, राष्ट्रीय मंत्री अल्का गुर्जर, संगठन महामंत्री चन्द्रशेखर समेत कई सीनियर लीडर्स कैम्प में शामिल होंगे।

## बूथ के माइक्रो मैनेजमेंट की होगी ट्रेनिंग

बूथ सशक्तिकरण अभियान चलाकर BJP राजस्थान में अपने 6000 कमजोर बूथों को मजबूती देने में जुटी है। वीक बूथ कमेटी भी बनाई जा रही हैं। 31 जुलाई तक पार्टी के सभी सांसद-विधायक, जिलाध्यक्ष, जिलों के प्रभारी, जिलों के पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में फील्ड में जाएंगे। सांसदों को कम से कम 100 और विधायकों को 25 कमजोर बूथ दिए जाएंगे। जिस पर उन्हें माइक्रो मैनेजमेंट कर बीजेपी के पक्ष में वोटों का गणित साधना है। पार्टी ने कहा है कि बूथों की मजबूती के लिए सभी सांसद और विधायक अपनी-अपनी टीम बनाएंगे। सांसद अपने लोकसभा क्षेत्र के 30 लोगों के नाम देंगे। विधायक अपने विधानसभा क्षेत्र से 10 नाम देंगे। ये 40 लोग कमजोर बूथों पर काम करेंगे। जिन विधानसभा क्षेत्रों में कांग्रेस, निर्दलीयों या दूसरी पार्टियों के विधायक हैं। उन विधानसभा क्षेत्रों के बूथों पर पार्टी कार्यकर्ताओं को प्राथमिकता से काम करने को कहा गया है। राजस्थान में बीजेपी के कुल 52000 बूथ हैं। 11 लाख पन्ना प्रमुख भी नियुक्त किए गए हैं। हर पन्ना प्रमुख के पास 60-60 वोटर्स का जिम्मा चुनाव में रहेगा। ये पन्ना प्रमुख अपनी व्यवहार कुशलता,लगातार जनसम्पर्क, केन्द्र सरकार की योजनाएं और उपलब्धियां बताकर, लाभार्थियों के उदाहरण पेश कर वोटर्स को बीजेपी के पक्ष में मतदान के लिए प्रेरित करेंगे।

## सभी सम्भाग व जिलों में बीजेपी की बैठकें

**बीजेपी** ने तय किया है कि राजस्थान में पार्टी के बड़े कार्यक्रम अलग-अलग जिलों में रखे जाएं। विधानसभा चुनाव तक लगातार सभी सम्भागों में पार्टी कार्यकर्ताओं की मीटिंग रखकर इलेक्शन का माहौल तैयार करना है। अब तक जोधपुर, कोटा, उदयपुर, भरतपुर-सवाईमाधोपुर में बीजेपी की प्रदेश लेवल की बैठकें हो चुकी हैं। कार्यकर्ताओं को एक्टिव कर लोकल पॉलिटिकल फीडबैक और जनता की समस्याएं भी इन बैठकों और कैम्पों के जरिए जानी जा रही हैं।










**सीखने की बात**

अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...

- अज्ञात

# असमानता की चिंता

कोरोना महामारी ने मानव जाति को जो नुकसान पहुंचाया है, उसका अध्ययन आने वाले वर्षों में लगातार होगा और होना भी चाहिए। अभी पूरे आंकड़ों का आना बाकी है, लेकिन नेचर पत्रिका ने विभिन्न स्रोतों से प्राप्त आधिकारिक सर्वेक्षणों पर आधारित जिस रिपोर्ट को प्रकाशित किया है, वह बहुत उल्लेखनीय है। इस रिपोर्ट से दो बातें पुष्ट होती हैं, अव्वल तो इस महामारी ने पूरी दुनिया को गहरे से प्रभावित किया है और दूसरी बात, इस महामारी का असर दुनिया में हर जगह समान नहीं है। दुनिया में पहले से ही बहुत असमानता थी और इस महामारी ने उसे बढ़ा दिया है। नेचर की रिपोर्ट छह ग्राफिक्स के जरिए पूरा विवरण देती है, जिससे आय, स्वास्थ्य, सुरक्षा और अन्य कई मामलों में असमानता के पहलू सामने आते हैं। पिछले दो साल दुनिया के सबसे गरीब लोगों के लिए खास तौर पर चुनौतीपूर्ण रहे हैं, और यह अभी शुरुआत है। इस साल के अंत तक महामारी से पहले की तुलना में कम से कम 7.50 करोड़ लोग गरीबी में धकेल दिए जाएंगे। ये ऐसे गरीब होंगे, जो प्रतिदिन 130 रुपये से भी कम में गुजारा कर रहे होंगे। रिपोर्ट बताती है कि बढ़ती मुद्रास्फीति ने महामारी के प्रभाव को कैसे बढ़ाया है, हालांकि, महामारी ने भी महंगाई को बल दिया है।

उप-सहारा अफ्रीका में स्थिति ज्यादा खराब है, जबकि दक्षिण एशिया जैसे कुछ क्षेत्रों में गरीबी का विश्लेषण करने के लिए पर्याप्त आंकड़े नहीं हैं। वास्तव में चिंता होती है कि भारत सहित दक्षिण एशिया में कोरोना संबंधी आंकड़ों को बहुत विश्वसनीय नहीं माना जा रहा है। फिर भी अनुमान है कि एशिया जल्दी उबर जाएगा, जबकि उबरने में सबसे ज्यादा समय मध्य पूर्व और उत्तरी अफ्रीका में लगेगा। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन के आंकड़ों से पता चलता है कि अमेरिका में मृत्यु दर विशेष रूप से वहां के आदिवासियों में ज्यादा रही है, यह दर श्वेत लोगों की तुलना में लगभग 108 प्रतिशत अधिक है और एशियाई मूल के लोगों की तुलना में लगभग 180 प्रतिशत अधिक। मतलब अमेरिका में भी एशियाई मूल के लोगों ने महामारी से सबसे बेहतर मुकाबला किया है।

नेचर की रिपोर्ट यह भी बताती है कि महामारी का अन्य सार्वजनिक-स्वास्थ्य समस्याओं पर भी असमान असर पड़ा है, महिलाओं के खिलाफ हिंसा में वृद्धि हुई है। 13 निम्न और मध्यम आय वाले देशों में संयुक्त राष्ट्र की इकाई द्वारा लैंगिक समानता और महिलाओं के सशक्तिकरण पर किए गए सर्वेक्षण में शामिल 45 प्रतिशत महिलाओं का कहना है कि उन्होंने या उनकी जानने वाली महिलाओं ने महामारी के दौरान हिंसा का अनुभव किया है। इस मामले में भारत का जिक्र नहीं है, लेकिन बांग्लादेश में जो सर्वेक्षण हुआ है, वह बताता है कि वहां सर्वाधिक महिलाओं ने हिंसा का अनुभव किया है। ऐसी रिपोर्ट स्वागतयोग्य और अनुकरणीय है। कोरोना महामारी के सामने एशिया या एशियाई लोगों की मजबूती काबिलेगौर पाई गई है, तो यह भी अपने आप में गहरे अध्ययन का विषय है। क्या एशिया में सरकारों के पास स्वास्थ्य, मृत्यु और संक्रमण के समग्र आंकड़े मौजूद हैं? क्या इन देशों के आंकड़ों पर विदेशी संस्थाएं विश्वास कर रही हैं? बेशक, भारत सहित अन्य देशों में भी गरीबों के स्वास्थ्य बीमा, शिक्षा और सुरक्षा को सुनिश्चित कर दिया जाए, तो असमानता मिटाने में बड़ी मदद मिलेगी।

## सम्पादकीय

# संकट में उद्धव सरकार

बीते दिनों आए महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव परिणामों ने ही राज्य की महा विकास अघाड़ी गठबंधन सरकार के संकट का संकेत दे दिया था, ऐसे में बीते मंगलवार सुबह जब एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में शिव सेना में बगावत की खबर सामने आई, तब किसी को बहुत हैरानी नहीं हुई। शिव सेना ने बागी खेमे का नेतृत्व कर रहे शिंदे को भले अभी पार्टी विधायक दल के नेता व मुख्य सचेतक जैसे पदों से ही हटाया हो, लेकिन उद्धव सरकार की स्थिरता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लग गया है। यह सरकार नवंबर 2019 में जब से अस्तित्व में आई है, तभी से इसके भविष्य को लेकर अटकलें लगनी शुरू हो गई थीं, हालांकि उन तमाम आशंकाओं को धता बताते हुए उद्धव ठाकरे ने न सिर्फ अपने कार्यकाल का आधा पड़ाव पार किया, बल्कि कोरोना जैसी गंभीर महामारी के प्रबंधन में शासकीय कौशल के लिए उनकी सरकार ने कमोबेश सराहना भी बटोरी। लेकिन एकनाथ शिंदे की बगावत के रूप में उन्हें गंभीर आंतरिक चुनौती मिली है और वह इससे कैसे पार पाते हैं, इस पर उनकी सरकार और पार्टी, दोनों का बहुत कुछ निर्भर है। महाराष्ट्र के ताजा राजनीतिक संकट ने सियासी अवसरवादिता को फिर से बहस के केंद्र में ला खड़ा किया है। विडंबना यह है कि यहां के लगभग हरेक राजनीतिक दल ने दलबदल को बढ़ावा दिया है और इस प्रवृत्ति ने पाला बदलने के नैतिक पहलू को बेमानी बना दिया। जन-प्रतिनिधियों की एक बड़ी संख्या के लिए सिर्फ अपना हित सर्वोपरि हो गया है, और इसका खामियाजा सभी दलों को भुगतना पड़ रहा है। अब सिर्फ मौके और हालात ही ऐसे विधायकों को नियंत्रित करते हैं, विचारधारा या जनहित नहीं। यह स्थिति लोकतंत्र के लिए सुखद नहीं कही जा सकती। शिव सेना के नेताओं का आरोप है कि इस पूरे राजनीतिक घटनाक्रम की पटकथा भाजपा ने लिखी है, और इसके पक्ष में वे सूरत के एक होटल में बागियों के शरण लेने की दलील पेश कर रहे हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि इससे पार्टी की अपनी कमजोरी कहां छिप जाती है? राज्यसभा चुनाव में ही विधायकों के असंतोष की बात सामने आने के बाद पार्टी ने उन्हें मनाने की क्या कोशिश की? कोई भी प्रतिपक्षी दल यदि किसी पार्टी के विधायकों को तोड़ने में कामयाब हो जाता है, तो इसका सीधा अर्थ है कि पार्टी ने टिकट बांटते समय अपने उम्मीदवार की प्रतिबद्धता ठीक से नहीं आंकी थी। पार्टी नेतृत्व का अपने विधायकों के साथ संवाद नहीं था या वह उनकी शिकायतें दूर नहीं कर सका। शिव सेना तो प्रतिबद्धता का दावा भी नहीं कर सकती, क्योंकि मुख्यमंत्री पद के लिए उसने भाजपा के साथ चुनाव-पूर्व गठबंधन को तोड़कर राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी और कांग्रेस से हाथ मिलाया है। देश में जो राजनीतिक संस्कृति इस वक्त अपनी पैठ बना चुकी है, उसमें किसी दल को यह गुमान नहीं पालना चाहिए कि प्रतिनिधियों का जो आंकड़ा जनादेश में उसे मिला है, वह अगले चुनाव तक अक्षुण्ण रहेगा। क्योंकि जब सिर्फ सत्ता-सुख ध्येय हो, तब बाकी सब बातें मायने नहीं रखतीं। यह राजनेताओं को ही सोचना है कि हजारों-लाखों लोगों को सुरक्षा देने का वादा करके राजधानी पहुंचने वाले विधायक-सांसद दूसरे सूबे में क्यों शरण लेने लगे हैं? राजनीतिक दलों को ही यह चिंतन करना होगा कि इस आखेटक प्रवृत्ति ने देश के संविधान और माननीयों की कितनी इज्जत बढ़ाई है? महाराष्ट्र सरकार पर मंडराता संकट दरअसल भारतीय राजनीतिक संस्कृति का संकट है।

**प्लास्टिक बैन के साथ कई फैक्ट्रियां बंद हो जाती हैं, इससे कई लोगों की नौकरियां भी चली जाती हैं। नए बदलावों से न सिर्फ लोगों के रोजगार जाने का डर है, बल्कि जो लोग लोन लेकर अपनी फैक्ट्रियां चला रहे हैं, वो लोन चुकाने की हालत में भी नहीं होंगे।**

# हर पल बज रही है प्लास्टिक खतरे की घंटी



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**चूंकि प्लास्टिक सस्ता पड़ता है, इसलिए उत्पादकों ने बड़े स्तर पर उत्पादन करना शुरू कर दिया। और इससे ज्यादा से ज्यादा सिंगल यूज प्रोडक्ट बने, जो आखिर में कचरा बन गए। लेकिन पर्यावरण संरक्षण के लिहाज से अब सिंगल यूज प्लास्टिक के इस्तेमाल से बचना ही एकमात्र उपाय है।**

देश में अगले महीने की एक तारीख से सिंगल यूज प्लास्टिक पर पूरी तरह से रोक लगनी वाली है। इस पाबंदी को लेकर एक तरफ जहां पर्यावरण कार्यकर्ता खुश हैं, वहीं अनेक कंपनियों में घबराहट का आलम है। सिंगल यूज प्लास्टिक वह प्लास्टिक होता है जिसका इस्तेमाल एक ही बार किया जाता है और फिर ग्राहक उसे फेंक देता है। गुजरते समय के साथ यह सिंगल यूज प्लास्टिक लैंडफिल साइटों पर कूड़े के अंबार में बदल जाता है। इससे पहले भी सिंगल यूज प्लास्टिक पर बैन लग चुका है, लेकिन पहले 50 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक के आइटम पर बैन लगा था। अब जो बैन लगने वाला है, उसका असर 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक पर नजर आएगा।



देश में 1 जुलाई से जिन प्लास्टिक के आइटम पर बैन लगने वाले हैं, वे हैं- प्लास्टिक के प्लेट, कप, ग्लास और चम्मच, कांटे, स्ट्रॉ, ट्रे आदि। इसके अलावा मिठाई के डिब्बे और सिगरेट के पैकेट पर चढ़ाई जाने वाली प्लास्टिक की फिल्म, इनविटेशन कार्ड और 100 माइक्रोन से कम मोटाई वाले प्लास्टिक बैनर। सरकार ने अगस्त 2021 में प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट अमेंडमेंट रूल्स पास किए थे। इन नियमों के तहत 20 किस्म के सिंगल यूज प्लास्टिक की पहचान की गई। रसायन और पेट्रोकेमिकल्स विभाग द्वारा गठित एक कमेटी की रिपोर्ट के मुताबिक, बहुत सारे कामों में प्लास्टिक सिर्फ एक बार इस्तेमाल करने के बाद फेंक दिया जाता है। इस प्लास्टिक की कीमत भले ही बहुत ही कम हो, लेकिन पर्यावरण पर बेहद बुरा असर पड़ता है। पर्यावरण संरक्षण के लिहाज ये प्लास्टिक बेहद महंगा पड़ता है।

दुनिया भर में हर सेकेंड 1.60 लाख प्लास्टिक का उपयोग होता है यानी हर मिनट एक करोड़ प्लास्टिक बैग का इस्तेमाल होता है। जानकारों के मुताबिक रोजाना लाखों टन प्लास्टिक नदियों और समुद्र तक पहुंच रहा है। जमीन से लेकर समुद्र तक प्लास्टिक का ढेर इंसान के साथ-साथ समुद्री जीवों के लिए भी खतरा है। विशेषज्ञों के मुताबिक अगर प्लास्टिक का इसी तरह बेतहाशा इस्तेमाल होता रहा तो वो दिन दूर नहीं जब समुद्र में मछलियों से ज्यादा प्लास्टिक होगा। कई समुद्री इलाकों में तो ये स्थिति नजर भी आने लगी है।

माइक्रोप्लास्टिक को लेकर हाल ही हुए एक नए शोध से पता चला है कि ये आपके पेय पदार्थ में अरबों सूक्ष्म प्लास्टिक कणों को मिलाने के लिए जिम्मेदार होते हैं। अमेरिका स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ स्टैंडर्ड एंड टेक्नोलॉजी (एनआईएसटी) के शोधकर्ताओं ने इन सूक्ष्म प्लास्टिक को बेहतर ढंग से समझने के लिए व्यापक रूप से उपयोग किए जाने वाले कुछ उपभोक्ता उत्पादों का विश्लेषण किया है। उन्होंने पाया कि जब प्लास्टिक उत्पादों को गर्म पानी के संपर्क में लाया जाता है, तो वे प्रति लीटर अरबों माइक्रोप्लास्टिक को पानी में छोड़ देते हैं। शोधकर्ताओं ने अपने नतीजे वैज्ञानिक पत्रिका एनवायरमेंटल साइंस एंड टेक्नोलॉजी प्रकाशित किए हैं।

आज स्थिति यह है कि हम जहां भी देखते हैं वहां प्लास्टिक के कण होते हैं। ऐसे बहुत से हैं। हर लीटर में खरबों नैनोप्लास्टिक। हम नहीं जानते कि इनका लोगों या जानवरों के स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ता है या नहीं। हमें बस बहुत भरोसा है कि वे हर जगह हैं। उदाहरण के लिए एक कप को ही लें। किसी कप को वाटरप्रूफ बनाने के लिए उसमें नाजुक लचीले प्लास्टिक लो डेंसिटी पॉलीथीन का पतला लेप लगा होता है। ऐसे में जब कप 100 डिग्री सेल्सियस तापमान के पानी के संपर्क में आता है तो प्रति लीटर खरबों की संख्या में नैनोपार्टिकल्स छोड़ता है। प्लास्टिक सामग्री कई प्रकार की होती है, लेकिन वे सभी पॉलीमर, प्राकृतिक या मानव निर्मित पदार्थों से बनी होती हैं जो एक साथ जुड़े बड़े अणुओं से बने होते हैं। वैज्ञानिकों ने महासागरों और कई अन्य वातावरणों में इन बड़े प्लास्टिक से सूक्ष्म कण पाए हैं। शोधकर्ता उन्हें दो समूहों में वर्गीकृत करते हैं- सूक्ष्म और नैनोप्लास्टिक।

इन प्लास्टिक उत्पादों से निकलने वाले नैनोकणों का विश्लेषण करने के लिए, शोधकर्ताओं को पहले यह निर्धारित करने की जरूरत थी कि उनका पता कैसे लगाया जाए। सोचिए, एक सामान्य कॉफी कप में एक कप पानी है। इसमें कई अरब कण नैनोप्लास्टिक्स के हो सकते हैं, जो हमारे शरीर में पहुंच कर हमें हमेशा के लिए बीमार कर सकते हैं।

वैज्ञानिकों का कहना है कि माइक्रोप्लास्टिक को इंसान के शरीर में पहुंचने से रोकने का सबसे कारगर तरीका यही होगा कि प्लास्टिक का निर्माण और उपयोग घटाया जाए। हम सब जानते हैं कि प्लास्टिक का विघटन नहीं हो पाता, यहां तक कि जमीन में दबा प्लास्टिक भी पानी के स्रोतों को प्रदूषित करता हुआ हमारे स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न करता है। इस पृथ्वी पर मौजूद प्लास्टिक वायु प्रदूषण से लेकर जल प्रदूषण तक का जिम्मेदार है। इसके अलावा प्लास्टिक जमीन की सेहत के लिए भी ठीक नहीं है। जमीन पर प्लास्टिक के ढेर और नदियों से लेकर समुद्र तक में तैरता प्लास्टिक पर्यावरण के लिए खतरे की घंटी है। इससे कृषि उपज भी घटी है, जिससे पूरी दुनिया में अनाज का संकट बढ़ता जा रहा है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## ओपिनियन

# फर्जी जाति प्रमाणपत्रों से हमें कैसे मिलेगा छुटकारा



लोकेश शर्मा
शिक्षक
@jagrukjanta.net

नकली जाति प्रमाणपत्र भारत के लिए रोग है। सामाजिक-आर्थिक रूप से वंचित समूहों, जैसे अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) के लिए आरक्षित नौकरियों व शिक्षा संबंधी सीटों का लाभ उठाने के लिए जाली जाति प्रमाणपत्र रखने वाले लोगों की आश्चर्यजनक संख्या सामने आती रही है। महाराष्ट्र में पाया गया कि 11,700 सरकारी कर्मचारियों ने नौकरी पाने के लिए फर्जी जाति प्रमाणपत्र का इस्तेमाल किया। अनुमान है, पिछले चार दशक में दस लाख से अधिक लोग फर्जी जाति प्रमाणपत्र हासिल कर चुके हैं। इसी तरह के खुलासे हाल ही में बेंगलुरु में भी हुए, जहां 591 ऐसे लोगों को फर्जी कागज पर सरकारी नौकरी मिली पाई गई, जिनमें से कुछ तो सेवानिवृत्त भी हो चुके हैं। चुनाव जीतने के लिए फर्जी जाति प्रमाणपत्र का इस्तेमाल करने के लिए अनेक राज्यों में कई विधायक और सांसद भी जांच के दायरे में आए हैं। मिसाल के लिए, विधायक पार्थ दास को 2018 में चुनाव लड़ने के लिए जाली एससी प्रमाणपत्र के इस्तेमाल का दोषी पाया गया था। यह मान लेना चाहिए कि जालसाजी के मामले बहुत हैं और कई मामलों पर किसी का ध्यान भी नहीं जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने भी जालसाजों पर कड़ा रुख अख्तियार किया है। उसने फैसला सुनाया है कि अगर किसी को किसी शैक्षणिक संस्थान या नौकरी में प्रवेश पाने के लिए जाली जाति प्रमाणपत्र के इस्तेमाल का दोषी पाया जाता है, तो वह डिग्री या नौकरी खो देगा (चंद्रभान बनाम महाराष्ट्र राज्य और अन्य, 2017)। इसके बावजूद, ऐसे मामलों में दोषसिद्धि व बर्खास्तगी की दर कम है। और तो और, महाराष्ट्र में जाली प्रमाणपत्र वाले 11,700 सरकारी कर्मचारियों के मामले में कई राजनेता और मजदूर संघ कानूनी कार्रवाई के विरोध में उतर आए। नकली जाति प्रमाणपत्र आखिर क्यों इतना मायने रखता है? वास्तव में, यह वास्तविक आरक्षण की राह में बाधा है। देश की आधी नौकरियों, आधी शैक्षणिक सीटों को सामाजिक न्याय लागू करने के लिए लगा दिया जाता है, पर जाली प्रमाणपत्र अपेक्षित प्रभावों को खत्म कर देते हैं। यह जालसाजी कमजोर समुदायों के लिए मौकों को कम कर देती है।

आरक्षण इतनी बड़ी सुविधा है कि इससे फर्जी दस्तावेज बनाने को बल मिलता है। मेडिकल, इंजीनियरिंग और सिविल सेवा प्रवेश के लिए होने वाली प्रतियोगी परीक्षाओं में सामान्य श्रेणी की तुलना में आरक्षित श्रेणियों के लिए जारी कटऑफ बहुत कम होता है। जैसे, 2021 में संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जेईई) मेन्स में सामान्य श्रेणी के आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए कटऑफ 87.88 प्रतिशत था, पर एसटी उम्मीदवारों के लिए 34.67 प्रतिशत था। इसी तरह, साल 2021 में सिविल सेवा प्रीलिम्स में सामान्य श्रेणी के लिए कटऑफ 87.54 प्रतिशत व एसटी के लिए 70.71 प्रतिशत था। इसका साफ मतलब है कि सामान्य श्रेणी के कटऑफ तक पहुंचने की कोई उम्मीद नहीं रखने वाले उम्मीदवार को नकली एससी या एसटी प्रमाणपत्र ही मौका दिला सकता है। यहां आधार का उपयोग कर फर्जी दस्तावेजों पर अंकुश संभव है। प्रक्रिया अभी भी आसान नहीं है, नया पत्र बनाने में बहुत सारे रिकॉर्ड व अनेक जगह सत्यापन की जरूरत पड़ती है, लेकिन तब भी सच यही है कि फर्जी दस्तावेज धड़ल्ले से बनाए जाते हैं। यह बड़ी कमी कुछ सरकारी अधिकारियों के साथ ऐसे आवेदकों की मिलीभगत की ओर इशारा करती है। एक तकनीक आधारित उपाय इस समस्या को हल करने में मदद कर सकता है। इस कदाचार को खत्म करने के लिए पहला कदम यह होगा कि जाति प्रमाणपत्रों का राष्ट्रीय डिजिटलीकरण हो और दस्तावेजों को आधार से जोड़ा जाए। इसके अनेक व्यावहारिक और दीर्घकालिक लाभ होंगे। सबसे पहले, यह डाटाबेस एक डिजिटल ट्रेल तैयार करेगा और इन प्रमाणपत्रों को जारी करने वाले अधिकारियों की जवाबदेही भी तय होगी। परिवार के सदस्यों के आधार विवरण का रिकॉर्ड रखने से फर्जी मामलों की शीघ्र पहचान में मदद मिलेगी। इसके अलावा, प्रत्येक आरक्षित सीट या नौकरी के लिए, आधार से जुड़े प्रमाणपत्रों का एक केंद्रीय डाटाबेस आवेदकों की प्रामाणिकता सत्यापित करने में मदद कर सकता है। हर पंचायत और जिला मुख्यालय पर डाटाबेस को सार्वजनिक रूप से उपलब्ध कराया जा सकता है।

हमारी आरक्षण नीति के क्रियान्वयन में डिजिटलीकरण का उपयोग सरकारी अधिकारियों की जवाबदेही बढ़ाने, जाली जाति प्रमाणपत्रों को खत्म करने और हर आरक्षित श्रेणी के आवेदक की

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

# सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



9. जप, होम, दान के समय हाथ में द्रव्य अथवा कुशा लेकर ही करना चाहिए। हाथ सूना न रखें। 10. जप संख्या हाथ की अंगुलियों के पोरवे, अक्षत, धान्य, पुष्प, चंदन अथवा मृतिका से कभी नहीं करनी चाहिए। 11. स्तोत्र का मानसिक पाठ न करें। मुख से उच्चारण कर समधुर कंठ से पाठ करना उत्तम है। 12. जप काल में आलस्य, जम्हाई, निद्रा, छींकना, थूकना, भय, गुप्तांगों का स्पर्श, पांव फैलाकर बैठना, दूसरों से बात करना, मिथ्या बोलना, क्रोध करना इनका परित्याग करना चाहिए। जप की सफलता के लिए एकाग्रता, विश्वास, श्रद्धा, निष्ठा एवं धैर्य आवश्यक है। 13. बिना गुरु द्वारा दीक्षित मंत्र का यथेष्ठ लाभ नहीं मिलता। निष्काम भाव और पवित्र अंत:करण से भगवान के नाम का जप किसी भी प्रकार किया जाए श्रेयस्कर है। 14. मंत्र जाप में श्रद्धा विश्वास, विधि विधान और संयम नियम का पालन आवश्यक है। 15. मंत्राधिकार के विषय में कहा गया है-जो जितेन्द्रिय, बुद्धिमान, शांत, अक्रोधी, सत्यवादी, निर्लोभी, कपट, अहंकार और अभिमान से रहित, दयायुक्त, पर स्त्री त्यागी और गुरु भक्त हो, वही मंत्र लेने योग्य शिष्य होता है। 16. मंत्र जप के पहले संकल्प, न्यास, ध्यान आदि करना चाहिए। अंत में आसन के नीचे जल छोड़कर मृतिका सहित उस जल को मस्तक से लगाएं और शक्राय नमः करना चाहिए। सिद्धि के लिए आवश्यक है मंत्र गुरु द्वारा दिया गया हो। अत: गुरु से विधिवत दीक्षा लेकर मंत्र जप करना चाहिए। 17. अलग-अलग मनोकामनाओं और देवताओं के मंत्र जप के लिए कई प्रकार की मालाओं का विधान है, **क्रमशः**

## जागरूक Selfie विद डॉटर



रेवल पुत्र संगीता-गुंजन शर्मा, जयपुर

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

# झलक : मिले तो निजात भीड़ से



तुषार पुरोहित
पत्रकार
@jagrukjanta.net

भीड़ कोई सामुदायिक जीवन पद्धति नहीं कि जिस पर नाज किया जाये। साथ रहने की रीत सदियों से चली आयी। न इसे किसी ने गूंथा न किसी ने पाला। बेमानी भीड़ के अलहदा अपनों के साथ जीने का लुत्फ़ ही निराला।

"जीते आये जमाने से लोग,
साथ साथ रह कर।
जीने न पाया कोई अपने को,
अकेला कह कर।
आंधी तूफां आये मगर,
इंसा रहा यूँ जिंदा
बांट कर खुशी को सब में
तो दुख अपने खुद सह कर।।

मुहब्बत और मुरव्वत के रूहानी अहसास पर टिका समाज का ढांचा। खूबसूरत फिजाओं ने रचा जिसका ताना-बाना।

"ये दुनिया उसी की। ज़माना उसी का। मोहब्बत में जो हो गया वो किसी का।।

उधर बेमानी भीड़ का न कोई मजहब। न ईमान। जाने कब किसी के उकसावे में, बन जाये वो हिंसक और हैवान।

भीड़ का न कोई देश है। न कोई वेश। केवल ध्वंस और बर्बादी ही है शेष। तोड़ फोड़, हंगामा, पत्थर बाज़ी, लाठी डंडे, छुरी चाकू, तलवार, और आधुनिक गनो के सहारे गलियों, सड़कों, चौराहों, पर खुले आम उपद्रव को तांडव करना भी उचित नहीं। क्यो कि इस नृत्य के पीछे भी आसुरी शक्तियों के संहार का पवित्र उद्देश्य बसा था।

किसी मील फैक्ट्री या बड़े निर्माण में कार्यरत मजदूरों का समूह भीड़ नहीं है। कामकाजी वर्ग, छात्र वर्ग ,महिला वर्ग, साधु-संतों की जमात, शादी की बरात। तीर्थों पर एकत्र श्रद्धालु, हज यात्री। पर्यटन या सैर सपाटे पर निकले लोग। नहीं है यह सब भीड़। देवालयों में, पीरों फकीरों, औलियो, की मजारों पर लगने वाले मेलों। या मजलिस को भी भीड़ कहना जायज नहीं। इसलिए कि आत्मिक अनुशासन के साथ जुटते हैं यहां लोग। पवित्र भावनाएं होती है। वाक जज्बात होते हैं। कव्वाली की रात और भजन कीर्तन का रतजगा होता है। उमड़ता है रस का सैलाब। झरने लगती है सुकून की फुहारें। कोकिल कुहुकने लगती है। मन के मयूर नाच उठते हैं। घुलते हैं महीन स्वर वादियों में। हवाएं सिहर जाती हैं। देव अप्सरा मंजर देखने धरती पर उतर आती है। गीतों गजलों की रिमझिम बरसने लगती है।

"जिया ले गयो जी मोरा सांवरिया।
लागी मन में लगन यू बावरिया।
जिया ले गयो.....।।
उधर झनकती है झाँझन अटरिया पर,
और तराने छलक जाते हैं।
"यह दिल की लगी कम क्या होगी।
ये इश्क़ भला कम क्या होगा।
जब रात है ऐसी मतवाली,
फिर सुबह का आलम क्या होगा।।"

पर इन दिली खुशियों से, भीड़ के आवरण में छुपे दंगइयों को क्या लेना।

दूसरों के जीवन के साथ अपनी जिंदगी को नष्ट करने पर वे आमादा।

संविधान के खिलाफ, कानून को अपने हाथ में लिये वे देश की संपदा फूंकने निकल पड़े। जिन्होंने उकसाया, भड़काया, ब्रेनवाश किया। बड़ी रकम का लोभ दिया। उनका क्या वे तो सरकारी सुरक्षा की खोल में दुबक जायेगे। जीवन तो बर्बाद हुआ नौनिहालों का, युवा पीढ़ी का, हुकूमत में चाहे कोई हो। दलीय सियासत कुनबा परस्ती की सियासत वोट बैंक की सियासत, ध्रुवीकरण की सियासत, इत्यादि के तले छिपी विद्रूपता से आज हर कोई परिचित। अपने मत का महत्व अब सब समझने लगे।

देश की गरिमा और गौरव की खातिर। देश की स्वतंत्रता के लिए। लाखों ने कुर्बानियां दी। कोई सुभाष के नेतृत्व में, तो कोई महात्मा गांधी की रहनुमाई में, निकल पड़। निछावर होने को। देश के लिए। कोई प्रजामंडल। कोई भगत सिंह का टोला। कोई जय शिवा। तो कोई हर हर बोला। तो इस ₹ ांतिवीर अभिमान में निकले जन सैलाब को भीड़ मत कहिये। इसलिए कि वे सब पावन मकसद को लेकर जुटे थे। धन के लालच अथवा केवल खून खराबे के लिए नहीं।

अब एक बहुत पढ़े लिखे बुद्धिजीवियों की जमात काम पर लगी है। जिनके लिए राष्ट्रीय संवेदना अधिक मायने नहीं रखती। अराजकता अलगाव। बोलने की आजादी के नाम पर कुछ भी बोलिए सब चलेगा।

"देख कर किसी की खुशी को आंखें अपनी मींच जाते वो।
इंसाफ़ की हो दरकार, लबों को अपने भींच जाते वो।
उधर देखे तो पड़ोसी के तुलसी क्यारे खींच जाते वो
खातिर दिलों की, खजाना दोनों हाथों उलीच जाते वो।।
तो आज की है झलक ऐसे ही की दिलो के नाम...!

**- तुषार "निरपेक्ष"**

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

## पंचांग



ज्योतिर्विद्
अक्षय शास्त्री



साकेत पंचांग, अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

**जागरूक जनता पंचांग, नक्षत्र, तिथि, चौघड़िया**

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

**बुधवार, 29/06/2022**

**सूर्योदय :** 05:27 **सूर्यास्त :** 19:25 **चन्द्रोदय :** 05:11 **चन्द्रास्त :** 20:00 **शक सम्वत :** 1944 सुभाकृतु **अमान्ता महीना :** ज्येष्ठ **पूर्णिमांत :** आषाढ़ा **सूर्य राशि :** मिथुन **चन्द्र राशि :** मिथुन **पक्ष :** कृष्ण **तिथि :** अमावस्या, 08:21 तक **वार :** बुधवार **शक सम्वत :** 1944 शुभकृत **चन्द्रमास आषाढ़ :** पूर्णिमान्त **विक्रम सम्वत :** 2079 राक्षस **गुजराती सम्वत :** 2078 प्रमादी **द्रिक ऋतु-** वर्षा, **द्रिक अयन-** दक्षिणायण।

### नक्षत्र, योग, करण

**नक्षत्र :** आर्द्रा, 22:05 तक
**योग :** वृद्धि, 08:45 तक
**प्रथम करण :** नागा, 08:21 तक
**द्वितिय करण :** किमस्तोगना, 21:35 तक

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| ब्रह्म मुहूर्त | 04:06 ए एम से |
| प्रातः सन्ध्या | 04:26 ए एम से |
| अभिजित मुहूर्त | कोई नहीं |
| विजय मुहूर्त | 02:44 पी एम से |
| गोधूलि मुहूर्त | 07:09 पी एम से |
| सायाह्न सन्ध्या | 07:23 पी एम से |
| अमृत काल | 10:52 ए एम से |
| निशिता मुहूर्त | 12:05 ए एम, जून 30 से |

**निवास और शूल**

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
चन्द्रवास: पश्चिम
होमाहुति : सूर्य

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| उद्वेग | : 05:25 - 07:10 | शुभ : 07:24 - 08:39 |
| चर | : 07:10 - 08:55 | अमृत : 08:39 - 09:54 |
| लाभ | : 08:55 - 10:40 | चर : 09:54 - 11:10 |
| अमृत वार वेला | : 10:40 - 12:25 | रोग : 11:10 - 12:25 |
| काल काल वेला | : 12:25 - 02:10 | काल : 12:25 - 01:40 |
| शुभ | : 02:10 - 03:54 | लाभ : 01:40 - 02:55 |
| रोग | : 03:54 - 05:39 | उद्वेग : 02:55 - 04:10 |
| उद्वेग | : 05:39 - 07:24 | शुभ : 04:10 - 05:26 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज अमावस्या

**आज कौन सा कार्य करें**

अमावस्या को पितृ कार्य और शल्य क्रिया करके उनमे सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।

**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।

**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

आषाढ़, कृष्ण, अमावस्या, 2079 बुधवार, 29 जून -5 जुलाई, 2022

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
**नवीन** वस्त्राभूषण पर व्यय होगा। राजकीय बाधा संभव है। नए काम मिल सकते हैं। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। अपेक्षित कार्य समय पर पूरे होने से प्रसन्नता रहेगी।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**किसी** अपने ही वाले व्यक्ति से कहासुनी हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नकारात्मकता रहेगी। यात्रा में जल्दबाजी न करें। आवश्यक वस्तु गुम हो सकती है। व्ययवृद्धि होगी।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
**राजकीय** सहयोग प्राप्त होगा। धन प्राप्ति होगा। कुंआरों को वैवाहिक प्रस्ताव प्राप्त हो सकता है। व्यय होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नए स्रोत से आय प्राप्त होगी। पारिवारिक सुख-शांति बनी रहेगी।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**उन्नति** के मार्ग प्रशस्त होंगे। संपत्ति के बड़े सौदे बड़ा लाभ दे सकते हैं। प्रतिद्वंद्विता कम होगी। रोजगार में वृद्धि होगी। आय के नए स्रोत मिलेंगे। कोई बड़ा काम होने से प्रसन्नता में वृद्धि होगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
**वाहन,** मशीनरी व अग्नि आदि के प्रयोग में लापरवाही न करें। आय में कमी हो सकती है। धनहानि की आशंका बनती है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। दूसरों की अपेक्षा बढ़ेगी।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
**बौद्धिक** कार्य सफल रहेंगे। संगीत इत्यादि में रुचि रहेगी। पार्टी व पिकनिक का आनंद प्राप्त होगा। स्वादिष्ट भोजन का आनंद मिलेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य कमजोर हो सकता है।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
**रुके** कार्यों में गति आएगी। किसी तीर्थयात्रा की योजना बनेगी। प्रभावशाली व्यक्तियों से मेलजोल बढ़ेगा। व्यापार-व्यवसाय अच्छा चलेगा। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य नरम हो सकता है।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**दूसरों** के कार्य में हस्तक्षेप न करें। वाणी में हल्के शब्दों का प्रयोग न करें। थकान व कमजोरी रह सकती है। मेहनत अधिक होगी। नौकरी में अधिकारी की अपेक्षा बढ़ेगी। कोई नकारात्मक सूचना मिल सकती है।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**नए** काम मिलने की संभावना है। आय के स्रोत बढ़ेंगे। घर-बाहर सभी तरफ से सहयोग प्राप्त होंगे। रुके कार्य पूर्ण होंगे। भाग्य की अनुकूलता है। भरपूर प्रयास करें। मित्रों का सहयोग लाभ में वृद्धि करेगा।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**अच्छे** समाचार प्राप्त होंगे। उत्साह व प्रसन्नता में वृद्धि होगी। काम में मन लगेगा। पुराने मित्र व रिश्तेदारों से मेल बढ़ेगा। संपर्क बनाएं। आय में वृद्धि होगी। व्यस्तता के चलते स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**डूबी** हुई रकम प्राप्त हो सकती है। व्यावसायिक कार्य के लिए लंबी यात्रा की योजना बनेगी। पार्टनरों का सहयोग प्राप्त होगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**सामाजिक** कार्य करने के अवसर प्राप्त होंगे। मान-सम्मान मिलेगा। थोड़े प्रयास से अधिक लाभ होगा। बड़े कार्य के होने की संभावना है।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

## प्रदेश में 50 यूनिट तक बिजली फ्री

# 18% नए कनेक्शन बढ़े, बहाने-बेटे, बहु अलग हो गए है...

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश में 50 यूनिट तक बिजली फ्री है, लेकिन 51 यूनिट होते ही 253 रु. का बिल चुकाना होता है। ऐसे में फ्री बिजली लेने के लिए उपभोक्ता अब एक ही मकान में बेटे-पत्नी, बहू व भाई को अलग बताकर नए कनेक्शन ले रहे हैं। ताकि बिजली का बिल न चुकाना पड़े। ढाई महीने में जयपुर में करीब 1500 मकानों में दोहरे कनेक्शन हुए हैं। जयपुर शहर में पिछले वित्तीय साल में औसतन हर माह 3 हजार नए बिजली कनेक्शन होते थे, लेकिन सीएम की फ्री बिजली की घोषणा के बाद अब हर महीने साढ़े तीन हजार बिजली कनेक्शन हो रहे हैं। जिन परिवारों का हर महीने बिजली बिल पहले 100 से 125 यूनिट तक आता था, उन परिवारों में दूसरा बिजली कनेक्शन लेने का चलन बढ़ा है।

### 50 यूनिट तक शून्य, 51 यूनिट होते ही 253 रु.

डिस्कॉम 50 यूनिट तक बिजली शुल्क, स्थायी शुल्क व इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी नहीं वसूल रहा है। ऐसे में बिल शून्य राशि की बन रहा है। लेकिन 51 यूनिट के बाद स्थायी शुल्क व इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी लग रहे है। ऐसे में बिजली बिल 253 राशि का देना पड़ता है। इसके बाद स्लैब के हिसाब से सब्सिडी मिलती है।



### ढाई माह में जयपुर में 1500 मकानों में दोहरे कनेक्शन...

| महीना | कुल कनेक्शन | घरेलू |
|---|---|---|
| नवंबर 2021 | 3543 | 2826 |
| दिसंबर 2021 | 3787 | 2976 |
| जनवरी 2022 | 3101 | 2421 |
| मार्च 2022 | 3993 | 3116 |
| अप्रैल 2022 | 4135 | 3371 |
| मई 2022 | 4294 | 3451 |

*9.51 लाख उपभोक्ता हैं जयपुर शहर में। इनमें से 7.64 लाख घरेलू। ढाई लाख उपभोक्ताओं की रीडिंग 50 यूनिट से कम।*

### ऐसे-ऐसे बहाने - कहीं परिवार टूटे, कहीं पिता-पुत्र में ही बैर

» परिवार का बंटवारा हो गया है। बेटा व बहू अलग रहते हैं। अलग कनेक्शन चाहिए।
» पति से मनमुटाव है। बिल को लेकर झिक झिक होती है। अलग कनेक्शन चाहिए।
» पिता ने बेटे को बेदखल किया है, लेकिन एक ही मकान में रहते हैं। इसलिए दो कनेक्शन।
» दो भाई अलग-अलग हो गए। इसलिए मांग।

बिना सेपरेशन दूसरा कनेक्शन नहीं देते। कम बिजली खपत करने के लिए कोई दूसरा कनेक्शन ले रहा है तो जांच करवाएंगे।

**-एके त्यागी,** एसई, जयपुर डिस्कॉम

» 1.20 करोड़ घरेलू उपभोक्ताओं को एक अप्रैल से फ्री बिजली का लाभ मिल रहा।
» 150 यूनिट तक बिजली खर्च पर 3 रु./यूनिट, 300 यूनिट तक 2 रु./यूनिट की सब्सिडी। इससे अधिक खर्च करने वालों को स्लैब के हिसाब से लाभ।
» 4626 करोड़ रु. के बिजली खर्च और 1475 करोड़ के फिक्स चार्ज से उपभोक्ताओं को राहत।
» 13.42 लाख घरेलू उपभोक्ताओं का एक अप्रैल के बाद बिल शून्य आया। जयपुर डिस्कॉम के 40 लाख उपभोक्ताओं को अप्रैल व मई में 310 करोड़ की सब्सिडी।

## 17 जिलों में तेज बारिश का अलर्ट

# डूंगरपुर-बांसवाड़ा की दहलीज पर मानसून

### तीन दिन तक 10 जिले होंगे तरबतर

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** पिछले 10 दिन से मध्यप्रदेश, गुजरात में अटका मानसून आगे बढ़कर राजस्थान की सीमा पर डूंगरपुर-बासंवाड़ा के पास पहुंच गया है। आगे बढ़ते मानसून के साथ ही राज्य में बारिश का दौर भी शुरू हो जाएगा। मानसून आगमन के लिए प्रदेश में स्थितियां अनुकूल बनी हुई हैं। मौसम विभाग के अनुसार अगले 48 से 72 घंटे में मानसून पूरब से एंट्री करेगा। मौसम विभाग के निदेशक आरएस शर्मा के अनुसार, मानसून की उत्तरी रेखा गुजरात और राजस्थान के कोटा संभाग के पास से गुजर रही है। बंगाल की खाड़ी से आने वाली पूर्वी हवाओं के ज्यादा सक्रिय होने और मानसून के पश्चिमी दिशा की ओर बढ़ने की परिस्थितियां अनुकूल हैं। इधर, बारिश के इंतजार के बीच प्रदेश में उमस बढ़ गई है। अगले 24 घंटे में उदयपुर, डूंगरपुर, बांसवाड़ा, राजसमंद, सीकर, कोटा, बूंदी, झालावाड़, सवाई माधोपुर, करौली, धौलपुर, पाली, टोंक, अजमेर, भीलवाड़ा, नागौर, झुंझुनूं समेत कई जिलों में अच्छी बारिश होने की संभावना मौसम विभाग ने जताई है। इसके साथ ही 40 किमी की स्पीड से हवा चल सकती है।

### भारी बारिश का अलर्ट

जयपुर मौसम केंद्र ने फोरकास्ट जारी किया है। इसके अलावा 29, 30 जून को बांसवाड़ा, डूंगरपुर, उदयपुर, प्रतापगढ़, चित्तौड़गढ़, बारां, कोटा, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा समेत अन्य जिलों में मध्यम से तेज बारिश होने की संभावना जताई है। एक जून को दक्षिण-पूर्वी राजस्थान के अलावा पश्चिमी राजस्थान के जोधपुर, पाली, जालौर समेत आस-पास के जिलों में बारिश होने की संभावना जताई है।

# 275 से ज्यादा नर्सिंग संस्थानों की मान्यता पर संकट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्य में संचालित 345 नर्सिंग शिक्षण संस्थानों में से 275 से अधिक की मान्यता पर संकट खड़ा हो गया है। राज्य सरकार की नई नीति के बाद 100 बेड का अस्पताल संचालित करने वाले ट्रस्ट या अस्पताल ही आवेदन कर पाएंगे। दूसरे ट्रस्ट के अस्पताल को स्वयं से जोड़कर मान्यता हासिल करने का विकल्प अब समाप्त कर दिया गया है। अस्पताल स्वयं आवेदन करेंगे तो इनके आधार पर पहले से चल रहे दूसरे संस्थानों की मान्यता स्वतः ही समाप्त हो जाएगी। इन प्रावधानों से जहां छोटे ट्रस्ट दौड़ से बाहर हो जाएंगे, वहीं बड़े अस्पताल समूहों की चांदी होगी। केन्द्र सरकार की ओर से मार्च 2021 में जारी अधिसूचना के अनुसार कोई भी अस्पताल एक से अधिक नर्सिंग संस्थान से नहीं जुड़ सकता। वर्तमान में राजधानी जयपुर के ही करीब आधा दर्जन बड़े अस्पताल समूहों ने दूसरे संस्थानों को अपने अस्पताल के साथ जोड़ा हुआ है। हालांकि नए प्रावधान नए सत्र से लागू होंगे, लेकिन माना जा रहा है कि सरकार ने अप्रत्यक्ष तौर पर पहले से संचालित कई संस्थानों को बाहर करने की तैयारी की है।



### 100 बेड का प्रावधान पहले से भी

**केन्द्र** व राज्य सरकार के पिछले प्रावधानों में भी 100 बेड का अस्पताल अनिवार्य रखा गया था, लेकिन उसमें किसी दूसरे अस्पताल को स्वयं से जोड़कर संस्थान संचालित करने के नियम की गली राहत बनी हुई थी। इस नियम से ही राज्य के करीब 80 प्रतिशत संस्थान संचालित होते आ रहे थे। प्रदेश में इस समय 164 नर्सिंग कॉलेज और 181 जीएनएम नर्सिंग शिक्षण संस्थान संचालित हैं।

### सरकार के दर पर कतार होगी कम

**अभी** तक के नियमों से नर्सिंग कॉलेज चलाने के लिए अस्पताल समूह या ट्रस्ट ही नहीं कई जनप्रतिनिधि, नेता और अन्य प्रभावशाली लोग भी दौड़ में शामिल रहते थे। लेकिन अब नए नियम से ये स्वतः ही दौड़ से बाहर हो गए हैं।

**नए** नियमों के आधार पर ही अब मान्यता दी जाएगी। इसकी विज्ञप्ति जल्द ही जारी करने जा रहे हैं।

**- शशिकांत शर्मा,** रजिस्ट्रार, राजस्थान नर्सिंग काउंसिल

## पिंकसिटी प्रेस क्लब और इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस की मीडिया सेमिनार

# खबर की विश्वसनीयता के लिए सही डाटा जरुरी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net





**जयपुर।** पिंकसिटी प्रेस क्लब और मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट इंडियन स्कूल ऑफ बिजनेस (आईएसबी), भारती इंस्टीट्यूट ऑफ पब्लिक पॉलिसी के संयुक्त तत्वावधान में बीते दिनों समाचारों को तथ्यपरक और विश्वसनीय बनाने में डाटा एवं ग्राफिक्स का प्रयोग कितना महत्वपूर्ण विषय पर मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में शहर के प्रतिष्ठित समाचार पत्रों, न्यूज पोर्टल्स और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया से जुड़े अनेक जाने माने पत्रकारों ने भाग लिया। कार्यशाला में पत्रकारिता में डाटा का उपयोग करने और www.indiadataportal.com का प्रयोग करते हुए आकर्षक विजुअलाइज़ेशन के माध्यम से आंकड़ों का इस्तेमाल किए जाने पर प्रकाश डाला गया। पोर्टल में केंद्रीय एवं राज्य की सार्वजनिक एजेंसियों और सरकारी विभागों से संसाधित और प्रलेखित डाटासेटों की विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध हैं। प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए पिंक सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष मुकेश मीणा ने कहा खबरों के लिए डाटा और ग्राफिक्स जरुरी है। प्रेस क्लब पत्रकार साथियों के लिए समय-समय पर इस तरह की कार्यशाला आयोजित कर उन्हें पत्रकारिता में आ रहे बदलाव के साथ जोड़ने का काम करेगा।

आईएसबी में इंडिया डाटा पोर्टल की सीनियर कंसल्टेंट दीप्ति सोनी ने कहा कि डाटा-आधारित समाचार, कहानी की प्रस्तुतिकरण को एक अलग कोण प्रदान कर पत्रकारिता में नए आयाम जोड़ सकते हैं और समाचार की विश्वसनीयता को बढ़ा सकते हैं।

प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए प्रेस क्लब के महासचिव रघुवीर जांगिड़ ने कहा इंडिया डाटा पोर्टल के साथ हमें यह साझेदारी करते हुए काफी खुशी हो रही है और हम उम्मीद करते हैं कि प्रतिभागी इस पोर्टल यथा योग्य उपयोग करेंगे। आईएसबी के कंसल्टेंट, वरिष्ठ पत्रकार उपेंद्र सिंह ने बताया कि इंडिया डाटा पोर्टल की देश भर में ऐसी लगभग 140 कार्यशालाएं आयोजित की जा चुकी हैं।

# भगवा रक्षा दल का हुआ विस्तार





जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भगवा रक्षा दल इन दिनों पूरे भारतवर्ष में अपनी शाखाएं खोलकर पदाधिकारियों की नियुक्ति कर दल को विस्तार दे रहा है। इन्हीं नियुक्तियों को लेकर दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने विज्ञप्ति जारी की है। विज्ञप्ति के अनुसार दल के राष्ट्रीय महासचिव विनोद त्यागी के साथ परामर्श कर प्रदीप कुमार गिरी को वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिल्ली प्रदेश, महेश कुमार शर्मा किशनपुरा को जिला उपाध्यक्ष जयपुर, ओंकार मोहन मुलानी को भगवा रक्षा दल विद्यार्थी परिषद का जिला कार्यकारी अध्यक्ष हैदराबाद प्रदेश, नीतू राजावत को महिला मोर्चा अध्यक्ष जिला भिंड (म.प्र.), गणपत सिंह को जिला अध्यक्ष पाली राज., सुमित छतानी को कार्यकारी जिला अध्यक्ष भोपाल, रमेश सिंह राठौड़ अहमदाबाद को दल में व्यापार प्रकोष्ठ प्रदेश अध्यक्ष एवं आचार्य सूर्य सागर महाराज बड़ोदरा को दल का राष्ट्रीय प्रचारक मनोनीत किया गया है। दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने सभी मनोनीत पदाधिकारियों से आशा व्यक्ति है कि वे अपने दायित्व को पूरी जिम्मेदारी, निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ निभाएंगे और अगली सूचना तक अपने पद पर कार्य करते रहेंगे।

## खगोलीय घटना का अद्भुत नजारा देख हुए रोमांचित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** एस्ट्रोनॉमी के प्रचार प्रसार के लिए जय पुष्प एस्ट्रोनॉमी सोसायटी ने गत 25 जून की ओर बेला में मूल्य घटना का एक दुर्लभ दृश्य दिखाया इस दौरान बुध शुक्र चंद्रमा मंगल बृहस्पति एवं शनि ग्रह एक ही दिन में दिखाई दिए इस दृश्य को टेलिस्कोप के माध्यम से शहर वासियों को दिखाया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन शहर से लगभग 22 किलोमीटर दूर चैनपुरा गांव में किया गया। इस गतिविधि के माध्यम से सोसाइटी के सदस्य प्रीति वैष्णव एवं अरुंधति बवेजा ने अलग-अलग सत्र में आमजन को खगोलीय घटनाओं के बारे में बताया कायक्रम को गोविंदवादी एवं राहुल शर्मा ने टेलिस्कोप के माध्यम से ग्रहों को दिखाया जो बिल्कुल पास ही प्रतीत हो रहे थे।

ANCHOR
शख्सियत

# अच्छा व्यवहार ही जीवन को सफल बनाता है-छबलदास

**शिव दयाल मिश्रा**
jagrukjanta.net



**जयपुर @ जागरूक जनता।** जीवन कहां से कहां आ जाता है जिसकी कभी कल्पना भी नहीं की जाती, वहां मनुष्य पहुंच जाता है। आज हमारे पाठकों को एक ऐसी शख्सियत से मुलाकात करा रहे हैं जिन्होंने अपनी जिंदगी की शुरुआत जीरो से की, मगर आज ईमानदारी और सद्व्यवहार के बल पर नई ऊंचाईयों को छू रहे हैं। उनका नाम है छबलदास नवलानी। बुलंद आवाज के धनी छबलदास नवलानी इस समय राजस्थान प्लास्टिक स्क्रेप डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष होने के साथ-साथ पूज्य सिंधी पंचायत मुरलीपुरा में महासचिव तथा पूज्य सिंधी सेन्ट्रल पंचायत महानगर में उपाध्यक्ष होने के नाते विभिन्न सामाजिक कार्यों में लगे रहते हैं। इन्होंने बातचीत में बताया कि समाज में होने वाले विवादों का निपटारा करवाना जिनमें युवक-युवतियों में आपस में अनबन के चलते कई केस कोर्ट कचहरी और थानों में चले जाते हैं उन्हें समझाइश कर वापस एक करना है। क्योंकि इससे एक गृहस्थी उजड़ने से बच जाती है। इंडस्ट्रीज में भी व्यापारियों के कई तरह के विवाद सामने आते हैं उन्हें भी साम, दाम, दंड भेद के अनुसार सुलझाना और व्यापारियों के हित में काम करना है। यहां तक कि सामाजिक कार्यों में अपनी जेब से पैसे खर्च करके भी सामंजस्य पैदा करना मेरा एक मिशन है। बातचीत को आगे बढ़ाते हुए छबलदास ने बताया कि मेरा जन्म 12 अगस्त, 1958 को यूपी के फिरोजाबाद में हुआ था। मेरे पिताजी टेकचंद नवलानी 1947 में सिंध के शहदादपुर से सारी जमीन जायदाद छोड़कर भारत आए थे। उस समय सरकार की तरफ से प्रति व्यक्ति डेढ़ बीघा जमीन मिली थी उस हिसाब से हमारे पिताजी एवं दो चाचाजी सहित कुल 16 सदस्य थे। उन्हें 24 बीघा जमीन अलवर के गोविन्दगढ़ के पास रत्नाकी गांव में अलॉट की गई। समय बदला पिताजी ने तीन भाईयों में से दो भाईयों को यूपी के फिरोजाबाद में एक रेस्टोरेन्ट खुलवा दिया जिसका नाम था इंडिया रेस्टेन्ट, जो उस समय का एक मशहूर रेस्टोरेन्ट था। लेकिन विधाता को कुछ और मंजूर था। फिरोजाबाद में असामाजिक तत्वों का कुछ ज्यादा ही बोलबाला था जिसकी वजह से कहीं अन्य बसने की सोचने लगे।



छबलदास बताते हैं कि 1975 में मात्र 17 वर्ष की उम्र में अन्य रिश्तेदारों के साथ मेरे पिताजी ने मुझे जयपुर भेज दिया और कहा कि तुम जयपुर में अपना धंधा शुरू करो। उस समय जयपुर में चांदी की टकसास स्थित जनता बाजार में कबाड़ी का एक छोटा सा व्यापार प्रारंभ किया जिसमें 4-5 आदमी काम करने लगे। जयपुर आने के एक साल बाद ही 1976 में शादी हो गई। छबलदास नवलानी ने बताया कि हमने व्यापार को बढ़ाने के लिए जयपुर के विश्व कर्मा औद्योगिक क्षेत्र में स्क्रेप का धंधा शुरू कर दिया जिसके लिए राजस्थान के अनेक शहरों का दौरा किया। पूरा नेटवर्क तैयार होने के बाद हमने होलसेल का काम शुरू कर दिया। धंधा बढ़ता गया और 1990 आते-आते साईंनाथ एन्टरप्राइजेज के नाम से फर्म खोल ली। कई व्यापारियों से हमारा संपर्क हुआ। व्यापार बढ़ता गया।

यदाकदा हम व्यापारी लोग मिलते तो एक बात हमेशा खटकती कि हमें विचार-विमर्श करने के लिए कोई कार्यालय नहीं था। सोचा कि सभी व्यापार मंडलों के कार्यालय हैं तो हमारा भी होना चाहिए। इसी विचार के साथ राजस्थान प्लास्टिक स्क्रेप डीलर्स एसोसिएशन का गठन किया गया, जिसकी पहली मीटिंग जयपुर के मशहूर रामनिवास बाग में रखी गई। 2009 में एसोसिएशन का रजिस्ट्रेशन करवाया गया। स्क्रेप व्यापारी संस्था से जुड़ते चले गए और आज की तारीख में विद्याधर नगर सैन्ट्रल स्पाइन स्थित धनश्री टावर में यूनियन का कार्यालय भी है, जहां बैठकर हम व्यापार से संबंधित हमारी योजनाएं एवं समस्याओं के बारे में विचार-विमर्श करते हैं। बातचीत के अंत में छबलदास नवलानी ने कहा कि युवाओं के लिए मेहनत, ईमानदारी और सद्व्यवहार होना चाहिए, क्योंकि वक्त बदलता है, मगर आदमी नहीं बदलता। कहीं न कहीं हमारी आपस में मुलाकात जरूर हो जाती है। ऐसे में सही व्यवहार है तो ठीक है वरना मुंह फेर कर चल देते हैं।

# आरबीआई ने बताई कर्ज की मार, अन्य से बेहतर राजस्थान सरकार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** खर्चों के जुगाड़ और पुराना कर्ज चुकाने के लिए कर्ज का बढ़ता भार चिंता की लकीरें बढ़ा रहा है, वहीं शिक्षा–स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा पर बढ़ता खर्च और परिसम्पत्ति निर्माण के लिए पूंजीगत खर्च पर जोर प्रदेश का वित्तीय प्रबंधन पटरी पर आने का संकेत दे रहा है। राज्यों की घाटे वाली अर्थव्यवस्था पर रिजर्व बैंक की ताजा रिपोर्ट माथे पर पसीना लाने वाली है, जिसमें राजस्थान भी शामिल है। कर्जभार बढ़ने का एक कारण पिछली सरकार के समय विद्युत वितरण कंपनियों को बचाने के लिए केन्द्र की उदय योजना के तहत लिया गया उधार भी बताया जा रहा है। अब तक उदय योजना के कर्ज की जितनी मूल राशि चुकाई गई है, ब्याज भुगतान की राशि भी उससे थोड़ी ही कम है। इसके उलट केन्द्रीय वित्त सचिव ने हाल ही सभी राज्यों के बड़े नौकरशाहों की मौजूदगी में जरूरी खर्चों के प्रबंधन में प्रदेश की स्थिति 9 राज्यों से बेहतर बताई है। वहीं शिक्षा और स्वास्थ्य का खर्च बढ़ाया गया है।



### 13 राज्यों से बेहतर है राजस्थान

राजस्व प्राप्ति के मुकाबले जरूरी (कमिटेड) खर्च के मामले में राजस्थान की स्थिति हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, केरल, तमिलनाडू, असम, त्रिपुरा व सिक्किम से बेहतर है, जबकि देनदारी के मामले में राज्य की स्थिति 13 राज्यों से बेहतर है।

### रिपोर्ट में लिखा यह है स्थिति

- निर्धारित सीमा से अधिक स्वीकृत सीमा के भीतर जीएसटी ऋण लिया क्षतिपूर्ति व पूंजीगत खर्च के लिए ऋण लिया।
- राजकोषीय घाटा वित्त वर्ष 2020–21 में कोविड़ के कारण आयोग के लक्ष्य से पार 5.3 प्रतिशत व वर्ष 2021–22 में 4.5 प्रतिशत से कम, जो स्वीकृत सीमा में।
- राजस्थान सहित 10 प्रदेश में बीते वित्त वर्ष का कर राज्यों में कर राजस्व घटा राजस्व उससे पिछले साल से 24 प्रतिशत बढ़ा।
- खर्च सही नहीं किया उत्पादकता बढ़ाने के लिए पूंजीगत खर्च पर जोर दिया
- राज्य का जरूरी आरबीआइ रिपोर्ट में जिन 10 (कमिटेड) खर्च अधिक है राज्यों का हवाला, उनमें से मध्यप्रदेश ही बेहतर स्थिति में।
- लीकेज रुकता तो डीबीटी सिस्टम से निगरानी बढ़ी गरीबों को फायदा होता और लीकेज की शिकायतों में कमी।
- किसानों को अनुदान कोविडकाल में अनुदान से अर्थव्यवस्था में कृषि का योगदान बढ़ा।
- पूंजीगत खर्च बढ़ाकर स्थाई परिसम्पत्ति बढ़ाई
- नियमों में शिथिलता देकर एमनेस्टी स्कीम के जरिए विवादों में फंसे पैसे की वसूली की
- डीबीटी का दायरा बढ़ाकर वित्तीय लीकेज को रोका
- किसानों को बिजली के बजाय सोलर सिस्टम से ज़ोड़ा

### हर साल चुकाए 8 से 10 हजार करोड़

**विद्युत** वितरण कंपनियों को बचाने के लिए राज्य सरकार ने सात साल पहले केन्द्र की उदय योजना के तहत 62 हजार 122 करोड़ रुपए का उधार लिया था। यह उधार भले ही राष्ट्रीयकृत बैंकों से लिया, लेकिन अब तक करीब 31 हजार 500 करोड़ रुपए का कर्ज कम हुआ है और इस दौरान ब्याज करीब 25 हजार करोड़ रुपए अलग से चला गया है। शुरुआत में इसके लिए राज्य को सालाना करीब दस हजार करोड़ रुपए देने पड़ते थे, फिर 8 हजार करोड रुपए और अब यह राशि धीरे–धीरे कम हो रही है।

## जागरूक खबरें

### सिन्हा ने राष्ट्रपति चुनाव के लिए नामांकन भरा, 17 से ज्यादा पार्टियों का समर्थन



**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** राष्ट्रपति चुनाव के लिए विपक्ष के उम्मीदवार यशवंत सिन्हा ने नामांकन भर दिया। उन्होंने कहा कि मुझे बताया गया कि मैं विपक्ष की चौथी पसंद हूं, लेकिन मैं दसवें नंबर पर होता तब भी इसे स्वीकार करता। कांग्रेस के मल्लिकार्जुन खड़गे ने बताया कि 17 से ज्यादा पार्टियां हमारा समर्थन कर रही हैं। इस दौरान राहुल गांधी, शरद पवार, अखिलेश यादव और फारूक अब्दुल्ला भी मौजूद रहे।

### शिवसेना के बागी 12 जुलाई तक गुवाहाटी में रहेंगे, उद्धव ने मंत्रियों से विभाग छीने

**गुवाहाटी @ जागरूक जनता।** शिवसेना के बागी विधायक 12 जुलाई तक गुवाहाटी में ही रहेंगे। जिस होटल में वे ठहरे हैं, उसकी बुकिंग 12 जुलाई तक के लिए बढ़ा दी गई है। बागी विधायकों को अयोग्य ठहराने वाले नोटिस पर सुप्रीम कोर्ट 11 जुलाई को सुनवाई करेगा। BJP ने अपने विधायकों को 29 जून तक मुंबई आने को कहा है। इस बीच उद्धव ठाकरे ने एकनाथ शिंदे समेत बगावत करने वाले 9 मंत्रियों के विभाग छीन लिए हैं।


### सोनिया गांधी के निजी सचिव पर रेप का आरोप, दलित महिला ने केस दर्ज कराया

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी के निजी सचिव पीपी माधवन पर रेप का आरोप लगा है। एक दलित महिला की शिकायत पर दिल्ली के उत्तम नगर थाने में केस दर्ज किया गया है। महिला के मुताबिक, उनके पति की दो साल पहले मौत हो गई थी। इसके बाद उसने नौकरी के लिए माधवन से संपर्क किया था। माधवन ने नौकरी दिलाने और शादी का झांसा देकर उससे रेप किया।

### हाईवे पर बिना फास्टैग के दौड़ेंगी गाड़ियां, दूरी के हिसाब से कटेंगे रुपए

**नई दिल्ली @ जागरूक जनता।** बेतहाशा टोल टैक्स के मुक्ति दिलाने के लिए केंद्र सरकार नया कॉन्सेप्ट ला रही है। इसकी शुरुआत राजस्थान से होगी। यहां नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया ग्रीन फील्ड एक्सप्रेस-वे बना रही है, जहां एक भी टोल बूथ नहीं होगा। इस एक्सप्रेस-वे पर ANPR यानी ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रीडर सिस्टम लागू होगा। इससे आपको उतने ही रुपए देने होंगे, जितना आप हाईवे पर चलेंगे। यह एक्सप्रेस-वे भारत माला प्रोजेक्ट का हिस्सा है। राजस्थान में इसकी लंबाई 637 किलोमीटर है। पंजाब से गुजरात तक पूरा प्रोजेक्ट 1,224 किमी लंबा है।

### सूर्य सागर महाराज राष्ट्रीय प्रचारक मनोनीत, शर्मा ने की मुलाकात



**वडोदरा @ जागरूक जनता।** आचार्य सूर्य सागर जी महाराज को भगवा रक्षा दल का राष्ट्रीय प्रचारक मनोनित किया गया है। भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेंद्र शर्मा ने बताया कि आचार्य सूर्य सागर महाराज की निष्ठा संस्कृति के प्रति अमूल्य है। इनके निर्देशन में दल को मजबूती मिलेगी। शर्मा ने बड़ोदरा (गुजरात) जाकर आचार्य सूर्य सागर जी महाराज से मुलाकात भी की।

### न्युवोको विस्टास ने उत्तर भारत में अपना स्थान किया मजबूत

**चित्तौड़गढ @ जागरूक जनता।** भारत का पांचवां सबसे बड़ा सीमेंट समूह और पूर्व में अग्रणी सीमेंट कंपनी, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने अपने प्रीमियम सीमेंट पोर्टफोलियो की शुरुआत के साथ उत्तर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार किया है। उत्तरी क्षेत्र में राजस्व विशेष रूप से हरियाणा, पश्चिमी यूपी, पंजाब, दिल्ली और मध्य प्रदेश में व्यापार चौनल और मजबूत डीलर नेटवर्क के सात ब्रांड- बिल्डिंग पर केंद्रित है। बुनियादी ढांचा क्षेत्र की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड ने हरियाणा के भिवानी में अपने मौजूदा प्लांट में 1.2 मिलियन टन प्रति वर्ष क्षमता के साथ एक ग्राइंडिंग यूनिट स्थापित करने की योजना बनाई है। यह उत्तर क्षेत्र में कंपनी के विस्तार की दिशा में पहला कदम है। यह ग्राइंडिंग यूनिट क्षेत्र में होने वाले क्लिंकर उत्पादन के पूर्ण उपयोग में सहायता करेगी। न्युवोको का उत्पाद पोर्टफोलियो ऑर्डिनरी पोर्टलैंड सीमेंट, पोर्टलैंड स्लैग सीमेंट, पोर्टलैंड पॉजोलाना सीमेंट और पोर्टलैंड कम्पोजिट सीमेंट के साथ अपने ग्राहकों की विभिन्न आवश्यकताओं को पूरा करता है, जो कि बीआईएस मानकों और प्रीमियम कच्चे माल की गुणवत्ता पर आधारित इंडस्ट्री में सर्वश्रेष्ठ हैं।

### प्रदेशाध्यक्ष सतीश पुनियाँ ने करौली के युवाओं को दिलाई बीजेपी की सदस्यता



**करौली @ जागरूक जनता।** राजस्थान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सतीश पूनिया ने नगर परिक्रमा समिति पूर्व अध्यक्ष जीतू शुक्ला सहित अनेकों युवाओं कों जयपुर स्थित अपने आवास पर भाजपा की सदस्यता ग्रहण करवाई। वही सदस्यता ग्रहण करने से पहले युवाओं ने सतीश पुनियाँ को मदन मोहन जी का चित्रपट्ट भेंट कर सम्मान किया। सदस्यता ग्रहण करने के बाद युवाओं कों सम्बोदित करते हुए पुनियाँ ने कहा की युवाओं द्वारा भारतीय जनता पार्टी से प्रभावित होकर सदस्यता ग्रहण की जा रही है। जो राजस्थान का सुनहरा भविष्य तय करेगी। इस दौरान भाजपा के संकल्प के सिद्धि महा अभियान के प्रदेश संयोजक लोकेश चतुर्वेदी नरेंद्र चौधरी, राजीव अरेला राजीव मीणा, बंटी मकनपुर, मोहन, दीपेश आदि सहित अनेकों युवाओं उपस्थित रहे।

## राहत : स्कूली बच्चों के बस्ते का बोझ होगा कम

# हर शनिवार सरकारी स्कूलों में 'नो बैग डे'

### बजट 2020 की घोषणा अब लेगी मूर्तरूप

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे लाखों बच्चों के लिए राहत की खबर है। राज्य सरकार की ओर से वर्ष 2020 में की गई घोषणा अब मूर्तरूप लेने जा रही है। जिसके अनुसार नए सत्र यानि 1 जुलाई से अब सरकारी स्कूलों के बच्चों को शनिवार को बस्ता लेकर स्कूल नहीं जाना होगा। इसलिए सभी सरकारी स्कूलों में शनिवार को 'नो बैग डे' मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 20 फरवरी 2020 को बजट भाषण के दौरान शिक्षा विभाग से संबंधित घोषणाओं में सप्ताह में एक दिन शनिवार को सरकारी स्कूलों में बैग नहीं ले जाने व उस दिन कोई अध्यापन कार्य नहीं किए जाने संबंधी निर्णय की घोषणा थी। जिसके अनुसार सत्र 2022-23 में सप्ताह में प्रत्येक शनिवार को बस्ता मुक्त दिवस मनाया जाएगा।



### हर शनिवार अलग थीम पर गतिविधियां

- माह के पहले शनिवार राजस्थान को पहचानो
- दूसरा शनिवार भाषा कौशल विकास
- तीसरा शनिवार खेलेगा राजस्थान-बढ़ेगा राजस्थान
- चौथा शनिवार मैं वैज्ञानिक बनूंगा
- पांचवा शनिवार बालसभा मेरे अपनों के साथ।

### बच्चों को शारीरिक-बौद्धिक विकास होगा

बच्चों के स्कूल बैग का बोझ कम करने व शारीरिक-बौद्धिक विकास के लिए शनिवार को नो बैग डे मनाने का निर्णय लिया है। राजस्थान शारीरिक शिक्षक संघ के प्रदेशाध्यक्ष हापूराम चौधरी के अनुसार इससे विद्यार्थियों का शारीरिक व मानसिक विकास होगा साथ ही सह शैक्षणिक गतिविधियों के प्रति विद्यार्थियों की रुचि बढ़ेगी।

### अन्तरराष्ट्रीय मपदण्ड तय

अंतराष्ट्रीय मापदंडो के अनुसार बच्चे के स्कूल बैग का बोझ उसके वजन के 10 फीसदी तक होना चाहिए। देश में सभी स्कूलों में अंतरराष्ट्रीय मापदंड लागू हैं। मानव संसाधन विकास मंत्रालय की ओर से स्कूल बैग का बोझ हल्का करने की गाइडलाइन सभी राज्यों को भेजी हुई है। हालांकि, इसके अमल पर फैसला राज्यों पर छोड़ दिया गया है। राजस्थान पहला प्रदेश नही है जहां नो स्कूल बैग की स्कीम लागू की गई हो। इससे पहले मणिपुर में यह लागू किया जा चुका है और वहां पर इसके सकारात्मक प्रभाव देखने को मिले है। वहीं, अन्य राज्य इस स्कीम को लागू करने की तैयारी में है।

'**नो** बैग डे' का उद्देश्य विद्यार्थियों के समग्र विकास व उनमें अंतर्निहित क्षमताओं को पहचान कर अध्ययन-अध्यापन के पारंपरिक तरीकों के अलावा सहयोगी क्रियाओं के माध्यम से सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को आनंददायी बनाना है।

**- अमृतलाल,** जिला शिक्षाधिकारी, मुख्यालय माध्यमिक, जोधपुर

## पायलट ने कहा - सरकार रहते जोधपुर हारना चूक, खूब रगड़ाई के बाद हमारी सरकार बनी

# गहलोत बुजुर्ग-पितातुल्य, नाकारा-निकम्मा बोल चुके

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर/टोंक।** राजस्थान सरकार गिराने के षड्यंत्र में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और सचिन पायलट के मिले होने के सीएम अशोक गहलोत के बयान के बाद कांग्रेस में वार-पलटवार शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री के बयान के तीसरे दिन अब सचिन पायलट ने गहलोत पर तंज कसे हैं। सचिन ने कहा- आज से पहले भी मुख्यमंत्री जी ने मेरे बारे में कुछ कह दिया था। नाकारा- निकम्मा ऐसी बहुत सारी बातें बोल दी थीं, लेकिन देखो, अशोक गहलोत जी अनुभवी हैं, बुजर्ग हैं, पिता तुल्य हैं। वे कभी कुछ बोले देते हैं तो मैं उसे अदरवाइज नहीं लेता। पायलट टोंक में मीडिया से बातचीत कर रहे थे।

### सरकार में थे, जोधपुर हारे

पायलट ने कहा- गजेंद्र सिंह शेखावत जी केंद्रीय मंत्री इसलिए बन गए कि वे जोधपुर से लोकसभा का चुनाव जीत गए। हम सरकार में थे, फिर भी चुनाव हार गए। यह चूक हुई हम लोगों से। उस लोकसभा चुनाव में हम कामयाब होते, उसमें हम जीतते तो वे मंत्री नहीं बन पाते। पायलट ने कहा कि अब 2024 में लोकसभा चुनाव आएंगे तो जोधपुर में कांग्रेस जीतेगी। सरकार में रहते जो चूक हो गई थी, वह अब नहीं होगी।

### दो विधायक कम आते तो नेता प्रतिपक्ष नहीं बना पाते

पायलट ने कहा- जब से सरकार बनी है मैं एक ही बात कह रहा हूं कि सरकार रिपीट हो। 2013 से पहले हमारी सरकार थी, जब परिणाम आए तो हम केवल 21 विधायक पर रह गए थे। एक दो विधायक कम आते तो हमें नेता प्रतिपक्ष की पोस्ट नहीं मिलती। 50 सीट ऐसी हैं जो एससी-एसटी के लिए आरक्षित हैं, उनमें से हमारी केवल दो सीट आईं। पूरी कैबिनेट से केवल 2 मंत्री जीतकर आए थे। उसके बाद हमने काम किया। पायलट ने कहा- बीजेपी को चुनाव से लेकर हर रणक्षेत्र में हम लोगों ने हराने का काम किया है। उप चुनाव, पंचायत चुनाव, पालिका चुनाव, लोकसभा-विस उप चुनाव में हमने बीजेपी को हराया।

### भाजपा को सत्ता से हम दूर करेंगे

पायलट ने कहा- सरकार रिपीट कैसे हो, इस पर लगातार सोनिया गांधी, राहुल गांधी से बात कर रहे हैं। मेरे सुझावों पर पार्टी ने काम करना शुरू किया है। विधानसभा चुनाव में सवा साल रहा है, पार्टी और सरकार मिलकर काम करेंगे तो रिपीट करेंगे। मेरा लक्ष्य है कि कार्यकर्ताओं को सम्मान मिलता रहे। भाजपा को सत्ता से दूर रखने का काम कोई करेगा तो हम ही लोग करेंगे।

### राहुल गांधी ने मेरी तारीफ की, कोई परेशान न हो

पायलट ने कहा- कुछ दिन पहले दिल्ली में कार्यक्रम हो रहा था। हमारे पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने मंच से मेरे धैर्य, मेरे पेशेंस की प्रशंसा कर दी थी। मेरे धैर्य को राहुल गांधी पसंद करते हैं तो उनके स्टेटमेंट से किसी को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं होना चाहिए। मेरे पेशेंस को राहुल गांधी ने एप्रिसिएट किया है तो इसके बाद बोलने के लिए कुछ नहीं रह जाता है।

## बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन

# देव क्लब जसोल बना विजेता



**जसोल @ जागरूक जनता।** स्थानीय श्री एस. एन वोहरा. राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय जसोल में पिछले सप्ताह से चल रही प्रथम तहसील स्तरीय रात्रिकालीन बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन हुआ। समापन समारोह में बालोतरा पंचायत समिति प्रधान भगवत सिंह जसोल, जसोल सरपंच ईश्वर सिंह चौहान, ग्राम विकास अधिकारी सुशील कुमार चौधरी, उप सरपंच राजेन्द्र छाजेड़, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जैतमाल सिंह राठौड, जिला बास्केटबॉल संघ अध्यक्ष जगदीश सिंह चौहान, सचिव गेमर सिंह सोढा, आदि उपस्थित रहे।आयोजन समिति के विक्रम सिंह राठौड़ ने बताया कि फाइनल मैच देव क्लब व डीपी स्पोर्टस के बीच खेला गया। जिसमें देव क्लब 39-20 के अंतर से विजेता रही। विजेता टीम की ओर से देव 20 कच्छवाह ने अंक बनाये एवं बलदेव ने 12 अंक बनाये। उपविजेता टीम की ओर से देवपाल ने सर्वाधिक 14 अंक बनाये। मैच के शुरुआत में अतिथियों द्वारा खिलाडीयो का परिचय किया गया। इस प्रतियोगिता में कुल 8 टीमो के 96 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस अवसर पर प्रधान भगवत सिंह जसोल ने कहा कि जसोल बास्केटबॉल का गढ़ है बास्केटबाल ग्राउंड के विकास हेतु धन की कमी नही आएगी। बहुत जल्द सिंथेटिक कोर्ट व पैवेलियन का निर्माण करवाया जाएगा। सरपंच ईश्वर सिंह चौहान ने कहा कि जसोल में लेफ्टिनेंट जनरल हणुत सिंह जसोल की स्मृति में आगामी बास्केटबॉल प्रतियोगिता करवाई जाएगी। जिला बास्केटबॉल संघ के अध्यक्ष जगदीश सिंह चौहान ने बधाई देते हुए कहा कि ऐसे आयोजन से खिलाड़ियों की प्रतिभा निखरकर आती है जिला बास्केटबॉल सचिव गेमर सिंह सोढा ने कहा कि खिलाड़ियों के नियमित अभ्यास को धरातल पर उतारने के लिए ऐसे आयोजन जरूरी है बाड़मेर जिले में राष्ट्रीय ही नही बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर के प्लेयर दिए है। जसोल में बास्केटबॉल का भविष्य उज्ज्वल है। अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी जैतमाल सिंह ने कहा कि जसोल में प्रतिभाओं की कमी नही है खिलाड़ी मेहनत करे व आगे बढ़े। मैच के अंत मे समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें विजेता व उपविजेता टीम व निर्णायकों को पुरस्कार दिया गया। साथ व समस्त भामाशाहों शारीरिक शिक्षकों को माला व साफा पहनाकर स्वागत किया। समस्त खिलाड़ियों व निर्णायकों के लिए पुरस्कार की व्यवस्था ग्राम विकास अधिकारी सुशील कुमार चौधरी द्वारा की गई। प्रतियोगिता के बेस्ट शूटर देवपाल सिंह, बेस्ट ड्रीपल ललित कच्छवाह, बेस्ट डिपेन्दर महेंद्र प्रजापत को दिया गया। इस अवसर पर संदर्भ व्यक्ति सीबीईओ बालोतरा रूपेंद्र सिंह राठौड़, उमेश सोनी, गणपत घांची सिवाणा, सुनील खण्डेलवाल, सोहन सेजु, हरेंद्र सिंह , आदि उपस्थित रहे।

## ‘बगड़ावत श्री देवनारायण शौर्य गाथा’ पुस्तक पर परिचर्चा संगोष्ठी सम्पन्न



**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गुर्जर इतिहास-साहित्य एवं भाषा शोध संस्थान के तत्वावधान में पिंकसिटी प्रेस क्लब में 'बगड़ावत श्री देवनारायण शौर्य गाथा' पुस्तक पर परिचर्चा संगोष्ठी भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय मंत्री डॉ. अलकासिंह गुर्जर के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुई। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि ने कहा कि 'बगड़ावत श्री देवनारायण शौर्य गाथा' पुस्तक का प्रकाशन लोक संस्कृति को जीवन्तता प्रदान करने की दिशा में एक सराहनीय प्रयास है। समारोह के विशिष्ट अतिथि राजस्थान लोकसेवा आयोग के पूर्व सदस्य ब्रह्मसिंह गुर्जर ने कहा कि तत्कालीन समय में श्रीदेवनारायण का अवतार सभी प्रचलित दर्शनों एवं सम्प्रदाय धर्मो में सामंजस्य स्थापित करने में भगवान श्रीदेवनारायण द्वारा स्तुत्य प्रयास रहा है। संगोष्ठी में विशिष्ट वक्ता समाजशास्त्री वीबी जैन ने कहा कि लोकदेवता भगवान श्रीदेवनारायण को सभी कौमों के लोग मानते हैं। विशेषकर पशुपालक समाज। देवनारायणजी, पाबूजी, गोगाजी की शौर्य गाथाएं अमूमन फड़ पर गायन शैली में गाकर समाज को सदियों से जागरूक किया जाता रहा है। संस्थान के राष्टीय सचिव सरदारसिंह बड़वा ने चौहानों की वंशावली के बारे में विस्तार से जानकारी दी। गुर्जर इतिहास-साहित्य एवं भाषा शोध संस्थान के राष्टीय महासचिव शैतान सिंह गुर्जर ने लेखक छीतरलाल कषाणा गुर्जर को लेखन कार्य प्रोत्साहन हेतु 11,000/- प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान कर सम्मानित किया। महासभा के राष्टीय अध्यक्ष डॉ. देवनारायण गुर्जर ने पुस्तक के लेखन पर विस्तार से जानकारी दी व पुस्तक को समाजोउपयोगी बताया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित रहे।

ANCHOR
## गडरारोड उपखंड अधिकारी की अध्यक्षता में बनाई कमेटी

# मुनाबाव में बॉर्डर टूरिज्म के लिए प्रस्ताव होंगे तैयार

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**बाड़मेर।** मुनाबाव बॉर्डर को प्रमुख पर्यटन स्थल बनाने की योजना को अब पंख लगेंगे। बॉर्डर टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए बबलियान बॉर्डर पोस्ट की तर्ज पर रोहिड़ी-मुनाबाव में विकास कार्य करवाने के लिए प्रस्ताव तैयार करवा कर भिजवाए जाएंगे। इसके लिए कमेटी का गठन किया गया है। कमेटी बॉर्डर पर पर्यटन की संभावनाओं को तलाशने तथा यहां टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विकास कार्य के प्रस्ताव तैयार करने का कार्य करेगी। इस कार्य को शीघ्र तैयार करते हुए उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेंगी।

### कमेटी में ये है शामिल

उपखण्ड अधिकारी गडरारोड़ की अध्यक्षता में कमेटी का गठन किया गया है। इसमें उप कमांडेंट सीमा सुरक्षा बल (मुनाबाव सेक्टर), अधिशाषी अभियन्ता सानिवि खंड शिव, तहसीलदार गडरारोड़ एवं विकास अधिकारी पंचायत समिति गडरारोड़ सदस्य तथा सहायक निदेशक पर्यटन स्वागत केन्द्र जैसलमेर सदस्य सचिव होंगे।

### कमेटी बनाएगी प्रस्ताव

जिला कलक्टर लोक बंधु ने बताया कि मुख्यमंत्री की बजट घोषणा वर्ष 2022-23 में पर्यटन स्थलों को चिन्हित कर जन सुविधाएं विकसित करने के लिए मुनाबाव बॉर्डर को प्रमुख पर्यटन स्थल के रूप में शुरू कराने को लेकर विकास कार्य करवाए जाएंगे। कार्यों के प्रस्ताव तैयार कर भिजवाने के लिए कमेटी का गठन किया गया है। जो शीघ्रता से कार्य पूर्ण कर प्रस्ताव भेजेगी।

## जागरूक खबरें

### कृषि विज्ञान केन्द्रों (जॉन- द्वितीय) की वार्षिक क्षेत्रीय समीक्षा कार्यशाला आयोजित



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** वार्षिक क्षेत्रीय समीक्षा कार्यशाला राजस्थान, हरियाणा एवं दिल्ली के कृषि विज्ञान केन्द्रों (जॉन द्वितीय) के तकनीकी सत्र प्रसार शिक्षा निदेशालय पर आयोजित किये गये। डॉ. एस.के. सिंह, निदेशक, अटारी, जोधपुर ने बताया कि कार्यशाला के द्वितीय दिवस पर विभिन्न तकनीकी सत्र आयोजित किये गये। उसमें डॉ. डी.सी. जोशी, माननीय कुलपति, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा की अध्यक्षता में स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय, बीकानेर, कृषि विश्वविद्यालय, कोटा एवं महाराणा कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, उदयपुर के कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा अपना प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किये गये। इसी प्रकार डॉ. आर.पी.सिंह, माननीय कुलपति, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विवि, बीकानेर की अध्यक्षता में कृषि विश्वविद्यालय, जोधपुर, स्वयसेवी संस्थाओं एवं भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के कृषि विज्ञान केन्द्रों द्वारा अपने-अपने वार्षिक प्रगति प्रतिवेदन पर गहन विचार विमर्श हुआ। इन तकनीकी सर्ते में आगामी आगामी वर्ष में आयोजित होने वाले विभिन्न कृषि प्रसार गतिविधियों पर विचार विमर्श कर रूपरेखा तैयार की गई।

### काजड़िया विद्यालय की प्रतिभाशाली छात्राओं को किया सम्मानित



**उदयपुरवाटी @ जागरूक जनता।** काजड़ा ग्राम के सेठ खूबचंद बैजनाथ काजड़िया राबाउमा विद्यालय में प्रधानाध्यापक सुरेश कुमार की अध्यक्षता व सामाजिक कार्यकर्ता धर्मपाल गांधी के मुख्य आतिथ्य में प्रतिभा सम्मान समरोह आयोजित हुआ । इसमें कक्षा 10 वीं में टॉपर रही छात्राओं व उनके अभिभावकों को सम्मानित किया । गत वर्ष 90 फिसदी से अधिक अंक लाने वाली छात्राओं को भी सम्मानित किया । नव क्रमोन्नत विद्यालय के प्रधानाचार्य सुरेश कुमार ने कहा, 10वीं का शानदार परिणाम देने की मुख्य भागीदारी विद्यालय के गुरुजनों की सक्रियता व उनकी कड़ी मेहनत ही है । उन्होंने कहा कक्षा 11 व 12 की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। जनप्रतिनिधियों व भामाशाहों के सहयोग से विद्यालय विकास की हर कमी को दूर करने का प्रयास किया जायेगा। मुख्य अतिथि धर्मपाल गांधी ने परिणाम पर विद्यालय परिवार की भूरि-भूरि प्रशंशा करते हुए अभिभावकों से सरकारी विद्यालय में प्रवेश का आह्वान किया। राष्ट्रीय साहित्यिक व सामाजिक संस्था आदर्श समाज समिति इंडिया के अध्यक्ष धर्मपाल गांधी ने सत्र 2022-23 में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को गोल्ड मेडल देने की घोषणा की। समारोह में वरिष्ठ अध्यापिकाओं में से पवित्रा देवी, सुमन, सुशीला व सुनिता सैनी, कनिष्ठ सहायक कृष्णा सैनी, शारीरिक शिक्षक संतोष ओला, विजय कुमार शर्मा सहित स्टॉफ मौजूद था।

### विश्नोई एवं पाराशर ने किया ई.आर. प्रोजेक्ट के कार्यों का अवलोकन किया

**सांचौर @ जागरूक जनता।** राज्य के श्रम मंत्री सुखराम विश्नोई एवं अभाव निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने रविवार को नर्मदा परियोजना के अंतर्गत चल रहे ईआर प्रोजेक्ट के कार्यों का अवलोकन कर अधिकारियों को समय पर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने सांचौर उपखण्ड क्षेत्र में नर्मदा परियोजना के अंतर्गत पालड़ी सेक्शन पहुंच ईआर प्रोजेक्ट के तहत किये जा रहे कार्यों की प्रगति देखी। श्रम मंत्री विश्नोई ने प्रोजेक्ट की प्रगति देख कार्य को नियत समय पर पूरा करने के निर्देश दिये वही जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष श्री पाराशर ने ईआर कलस्टर के कार्य को तय समय पर पूर्ण कर शीघ्र ही आमजन को पेयजल उपलब्ध करवाने की बात कही। ईआर प्रोजेक्ट का जायजा लेने के उपरान्त श्रम मंत्री एवं जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष ने सांचौर शहर स्थित निर्माणाधीन स्मृति वन पहुंचकर चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेकर आवश्यक निर्देश दिये। इस दौरान सांचौर उपखण्ड अधिकारी शैलेन्द्र सिंह, नर्मदा परियोजना के अधीक्षण अभियंता के.एल.कांत, पूर्व उप मुख्य सचेतक रतन देवासी व भूराराम सीरवी साथ रहे।

### 32वें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह प्रारम्भ



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** भारतीय खान ब्यूरो, अजमेर क्षेत्र के तत्वावधान में 32 वें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह के आयोजन के अंतर्गत आज अजमेर मे फ्लैग आफ सेरेमनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ में संयोजक काशी कांत सिंह ने राजस्थान की प्रधान खनिज की खानों से आये प्रतिनिधियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए भारतीय खान ब्यूरो के क्षेत्रीय खान नियंत्रक जी के जांगीड ने निरीक्षण दलों को विभिन्न खानों के आंकलन के दौरान विशेष ध्यान दियें जान वाले पहलुओं का उल्लेख किया तथा निरीक्षण के समय अंकतालिका को सावधानी पुर्वक भरे जाने हेतु निर्देशित भी किया। राजस्थान की कुल 54 प्रधान खनिजों की खानों के निरिक्षण हेतु 6 टीमों का गठन किया गया। यह आयोजन एम पी बिरला समूह की बिरला सीमेंट लाइमस्टोन माइंस की मेजबानी मे आयोजित किया जा रहा है। निरीक्षण दलों को आयोजन समिति के संरक्षक जांगीड, संयोजक काशी कांत सिंह, दिलीप जैन तथा सचिव नरेन्द्र मेनारिया ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। निरीक्षण दल की टीमें राजस्थान की 54 प्रधान खनिज की खानों का निरिक्षण कर आंकलन के पश्चात अंकतालिकाओं को समिति के समन्वयक दाता राम गुर्जर को 2 जुलाई को प्रस्तुत करेंगी, तत्पश्चात विजेताओं की घोषणा आगामी माह मे उदयपुर में आयोजित किये जाने वाले समापन समारोह में की जाएगी। कार्यक्रम मे हिन्दुस्तान जिंक लि., हिन्दुस्तान कॉपर लि., आर एस एम एम लि., अल्ट्राटेक सीमेंट, जे के सीमेंट, अम्बूजा सीमेंट, न्यूवोको सीमेंट, श्री सीमेंट, वंडर सीमेंट आदि प्रमुख खनन इकाइयों के प्रतिनिधि उपस्थित थें। कार्यक्रम के संचालन मे जी आर बिश्नोई ने किया, वही दिगेंद्र सिंह सोलंकी व कालू लुहार का विशेष योगदान रहा।

### जुबान पर नियंत्रण रखे बेनीवाल-चौहान

**बालोतरा @ जागरूक जनता।** भाजपा जिला अध्यक्ष महेश बी चौहान ने रालोपा सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल को कड़े शब्दों में जवाब दिया है। भाजपा जिला मिडिया प्रभारी धर्मेन्द्र दवे ने बताया कि भाजपा जिला अध्यक्ष महेश बी चौहान ने कहा है कि रालोपा सुप्रीमो हनुमान बेनीवाल को भाजपा नेताओं के लिए अप्रिय भाषा बोलने से पहले अपने गिरहबान में झाँक लेना चाहिए और अपनी बेतुकी भाषण बाजी पर नियंत्रण रखना चाहिए। उन्होंने बेनीवाल द्वारा केंद्रिय कृषि कल्याण मंत्री कैलाश चौधरी के लिए उपयोग किए गए शब्दों पर गहरी आपत्ति व आक्रोश जताते हुए कहा कि जंहा भाजपा एक राष्ट्रीय पार्टी के रूप में पुरे भारत वर्ष में अपना परचम लहरा रही है वंही भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता अनुशाशन और राष्ट्रवाद से ओतप्रोत है। जिसके परिणाम स्वरूप भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनितिक पार्टी बन पायी है। वंही आपके द्वारा प्रयोग किए गए शब्द अनुशाशन की श्रेणी में नहीं आते है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा अग्निपथ योजना को लागू करके देश को अंदरूनी आंतकियो से सुरक्षित करने का लक्ष्य लेकर भाजपा बेरोजगारों को रोजगार देकर सक्षम बना रही है और आप जैसे नेता लोग उस राष्ट्रवादी योजना का विरोध कर युवाओं को गुमराह करते हुए देश को कमजोर करने का कार्य कर अपना राजनितिक पापड़ सेंक रहे हो।

---

इंडस्ट्री का दर्जा मिलने पर 2 रुपए प्रति यूनिट का फायदा

# होटल मालिकों को बिजली बिलों में मिलेगा डिस्काउंट

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**जैसलमेर।** स्वर्णनगरी जैसलमेर को पर्यटन नगरी भी कहा जाता है और यहां सबसे ज्यादा लोग पर्यटन के व्यवसाय से जुड़े हैं। राज्य सरकार की ओर से पर्यटन को अब उद्योग (इंडस्ट्री) का दर्जा दिए जाने के बाद जैसलमेर के पर्यटन से जुड़े लोगों को उद्योग का दर्जा मिलने के फायदे भी मिलने शुरू हो गए हैं। सबसे पहले होटल वालों को बिजली के बिलों में 2 रुपए प्रति यूनिट का डिस्काउंट दिया गया है। अब सालाना लाखों रुपए के बिल भरने वाले होटल वालों को सरकार की तरफ से 9 रुपए प्रति यूनिट का चार्ज नहीं लेकर केवल 7 रुपए यूनिट का ही चार्ज लिया जाएगा। यानी कॉमर्शियल में भी डोमेस्टिक का चार्ज लिया जाएगा। इस तरह से जैसलमेर के होटल वालों के साल के लाखों रुपए बच जाएंगे।



### होटल व रिसोर्ट वालों ने जताया आभार

सम गांव में रोजानी रिसोर्ट के गुलाम कादर ने बताया कि कोरोना काल में जैसलमेर के पर्यटन व्यवसाय को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ था। जहां सरकार ने अन्य वर्गों के लिए कुछ लाभ दिए थे वहीं पर्यटन व्यवसाय को कुछ खास फायदा नहीं मिला था। लेकिन इस बार प्रदेश सरकार ने इंडस्ट्री का दर्जा दे दिया है जिससे अब कई फायदे मिलेंगे। उन्होंने बताया कि अब होटल इंडस्ट्रीज होने से सबसे पहले बिजली के बिलों में फायदा मिलने की खबर से सबको बहुत खुशी है। सालाना लाखों सैलानी जैसलमेर आते हैं, जिससे हमारा लाइट का बिल भी लाखों में जाता है। अब 2 रुपए प्रति यूनिट में फायदा मिलने से सबके सालाना लाखों रुपए बचेंगे। इन बचे पैसों से हम सैलानियों को सुविधा बढ़ाने में इस्तेमाल करेंगे।

#### पहले 9 रुपए अब लगेंगे 7 रुपए प्रति यूनिट

**जोधपुर** डिस्कॉम के जैसलमेर एसई जे आर चौधरी ने बताया कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बजट के दौरान टूरिज्म को इंडस्ट्री का दर्जा देने की घोषणा की है। इसके बाद से उद्योग को मिलने वाले हर तरह के फायदे अब टूरिज्म इंडस्ट्री को भी मिलेंगे। सबसे पहला फायदा ये हुआ है कि डिस्कॉम ने होटल व रिसोर्टस के बिजली कनेक्शन को अब औद्योगिक इकाई की श्रेणी में लेना शुरू कर दिया है। जहां पहले होटल व रिसोर्ट के कनेक्शन कॉमर्शियल कैटेगरी में आते थे वहीं अब इन्हें औद्योगिक श्रेणी में शामिल कर लिया गया है। इसमें 9 रुपए प्रति यूनिट की जगह अब पर्यटन सेक्टर को 7 रुपए प्रति यूनिट की बिजली की कीमत चुकानी पड़ेगी। अब इनको प्रति यूनिट 2 रुपए का फायदा हो गया है। जोधपुर डिस्कॉम के जैसलमेर एसई जे आर चौधरी ने बताया कि जैसलमेर पर्यटन नगरी है और यहां बड़ी तादाद में होटल व रिसोर्ट है। उन्होंने बताया कि इन होटल व रिसोर्ट में सीजन के दौरान हर महीने 1 हजार यूनिट से 30 हजार यूनिट तक बिजली खर्च होती है। ऐसे में 2 रुपए प्रति यूनिट के हिसाब से हर महीने इन व्यवसायियों को 2 हजार रुपए से लेकर 60 हजार रुपए तक का फायदा होगा।

---

सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा 2022

# पर्यावरण अध्ययन के पद सृजित करें सरकार



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**संगरिया।** क्षेत्र के युवाओं ने अनिवार्य विषय पर्यावरण अध्ययन के लिए कॉलेज शिक्षा में आने वाली सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा 2022 में शामिल करने और राजस्थान राज्य के सभी सरकारी महाविद्यालयों में पर्यावरण अध्ययन के लिए मुख्यमंत्री से आचार्य नियुक्त करने की मांग की।

सोसाइटी फॉर एनवायरमेंट और सतत विकास राजस्थान का प्रतिनिधिमंडल डॉ इतिश्री भाटी, डॉ अश्विनी जाखड़, डॉ पंकज, सुधीर वर्मा, जयकृत सिंह, प्रियंका चौधरी, शंकर मंडानिया, सोहेल, सौरभ, अमीषा, अंकिता, कंवरभान एवं जितेंद्र भाटी आदि सदस्यों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। उन्होंने बताया कि अनिवार्य विषय पर्यावरण अध्ययन के लिए सहायक आचार्य भर्ती परीक्षा 2022 शामिल करने और राज्य के सभी सरकारी महाविद्यालयों में पर्यावरण अध्ययन के लिए नियमित सहायक नियुक्ति की मांग की। इससे पहले भी इस तरह की मांग की जा चुकी है, मगर कोई सुनवाई नहीं हुई।

---

अंतिम छोर के व्यक्तियों की हुई चिकित्सा व पोषण सेवा

# आदिवासी गांवों में नारायण सेवा

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**उदयपुर।** अंतिम छोर के व्यक्ति तक चिकित्सा, परामर्श व पोषण पहुंचे, इस भावना के साथ नारायण सेवा संस्थान का दो दिवसीय शिविर समारोह का समापन जयपुर के समाजसेवी कन्हैयालाल श्यामसुखा के सानिध्य में हुआ। इसके तहत आदिवासी बहुल कोटड़ा उपखण्ड की उखलियात पंचायत व बड़गांव उपखण्ड की ऊपली वियाल में शिविर सम्पन्न हुआ। प्रत्येक शिविर में 700 से अधिक स्त्री, पुरूष और बच्चे शामिल हुए। जिनके स्वास्थ्य का परीक्षण डॉ. अक्षय गोयल की टीम ने किया। उन्होंने उखलियात में 95 व ऊपली वियाल में 65 लोगों को स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं की व्यापक जांच की सलाह दी। इन शिविरों में मौसमी बीमारियों के लक्षण व उपाय बताते हुए दवाइयों का वितरण किया व जख्मों पर मरहम पट्टी की गई।संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने शिविर में पौष्टिक आहार की आवश्यकता बताते हुए कहा कि दोनों शिविरों में 20 क्वि. गेहूं, भोजन पैकट, चावल, बिस्किट आदि के साथ ही महिलाओं को साड़ियां, सलवार शूट, पुरूषों को धोती-कमीज व बच्चों को पेंट-टी शर्ट वितरण किए गए। सभी को उनके माप के मुताबित चप्पल बांटे गए। शिविरों का नेतृत्व निदेशक वंदना अग्रवाल, पलक अग्रवाल, भगवान प्रसाद गौड़ ने किया। उखलियात में स्थानीय आंगनवाडी कार्यकर्ता लीलादेवी व ऊपली वियाल में शिक्षक प्रेमसिंह भाटी व फतेहलाल चैबीसा ने सहयोग किया।

---

गोवर्धन में मूडिया़ पूर्णिमा मेला पर दो साल बाद उमड़ेगा आस्था का सैलाब

# पांच दिवसीय मेले में जुटेंगे एक करोड़ श्रद्धालु

**नौ जुलाई से 13 जुलाई तक 80 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**भरतपुर/गोवर्धन @ प्रेम दत्त शर्मा।** आस्था का केन्द्र गिरिराजधाम में नौ से 13 जुलाई तक मुडिया़ पूर्णिमा मेले का आयोजन होगा। यूपी सरकार से राजकीय दर्जा प्राप्त मुडिया़ मेले में इस बार 80 लाख अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान लगाया जा रहा है। श्रद्धालुओं की अनुमानित संख्या के आधार पर ही प्रशासन की ओर से तैयारियां की जा रही है। क्योंकि कोरोनाकाल के कारण अब दो साल बाद मेले का आयोजन किया जा रहा है। मुडिया़ मेला में राजस्थान सीमा क्षेत्र में भरतपुर प्रशासन की ओर से व्यवस्थाएं की जाती हैं। बाकी उत्तरप्रदेश के इलाके में वहां का प्रशासन व्यवस्थाएं करता है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा को लगने वाला पांच दिवसीय मुडिया़ मेला गुरू भक्ति एवं गिरिराज महाराज की भक्ति को समर्पित है। यहां आने वाले लाखों भक्त ब्रज की रज में लेटकर दंडवत कर सात कोस की परिक्रमा लगाते हैं। गिरिराज महाराज के प्रमुख मंदिरों में दूध भोग चढ़ाया जाता है। मानसी गंगा में स्नान के लिए फव्वारों की व्यवस्था की जाती है। 5 दिन में यहां आने वाले भक्तों की संख्या 1 करोड़ तक पहुंच जाती है। जिलाधिकारी मथुरा नवनीत सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम की ओर से मेला में 1500 बसों का संचालन होगा। साथ ही राजस्थान रोडवेज की बसों का अतिरिक्त संचालन भी होगा।

---

हिन्दुस्तान जिंक

# शिक्षा संबल समर कैम्प का समापन

**एक माह में 1500 से अधिक विद्यार्थी शैक्षणिक, कौशल विकास, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों से हुए लाभान्वित**



जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** हिन्दुस्तान जिंक द्वारा ग्रामीण प्रतिभाओं के लिये आयोजित शिक्षा संबल कार्यक्रम के तहत् एक माह के समर कैम्प में 1500 से अधिक विद्यार्थी शैक्षणिक, कौशल विकास, खेलकूद और सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़कर लाभान्वित हुए। हिन्दुस्तान जिंक द्वारा विद्याभवन सोसायटी के सहयोग से आयोजित इन शिविरों 300 विद्यार्थियों ने उदयपुर के विद्या भवन में आवासीय कैम्प तथा 1200 विद्यार्थीयों ने आगुचा, चित्तौड़गढ़, दरीबा, देबारी व जावर के गैर आवासीय कैम्प में भाग लिया। कैम्प में 60 प्रोजेक्ट अध्यापकों के साथ-साथ आइसर मोहाली, आइसर पुणे, तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के विभिन्न कालेजों से आये 80 वालंटियर इन विद्यार्थियों के साथ जुड़कर विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया। विद्या भवन के साधन सेवी और हिन्दुस्तान जिंक के कर्मचारी तथा सम्बंधित विशेषज्ञों ने भी कैम्प की विभिन्न गतिविधियों में सहयोग दिया।

कैम्प में विद्याथियों को विज्ञान, गणित एवं अंग्रेजी पढ़ने-लिखने के साथ-साथ विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने अवसर मिला। समापन समारोह में विद्यार्थियों ने पूरे माह में सीखी विभिन्न चीजों की प्रदर्शनी एवं प्रस्तुति की और अपने अनुभव अतिथियों से साझा किये। चित्तौड़गढ़ में समापन समारोह राजकीय सैकण्डरी विद्यालय डगला का खेड़ा में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रधान देवेंद्र कँवर भाटी, सरपंच धनेत पंचायत रणजीत सिंह भाटी, चंदेरिया लेड जिंक स्मेल्टर के अनुप केआर, जगदीश प्रजापति, चंडीदास और निधि शर्मा डगला का खेड़ा विज्ञान अध्यापिका की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

प्रधान भाटी ने इस प्रकार के आयोजित कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि मुख्य विषयों के लिये चलाये जा रहे ये शिविर विद्यार्थियों के लिये हितकारी है। सरपंच रणजीत सिंह भाटी ने शिक्षा के क्षेत्र मे चल रहे शिक्षा सम्बल कार्यक्रमों व ग्रीष्म कालीन शिविर के तहत किये कार्य की सराहना की गयी और बच्चों को सिविल सर्विस मे जाने के लिए प्रोत्साहित किया।

---

बीजेपी के धरने पर कांग्रेस का पलटवार

# मुख्यमंत्री के प्रोजेक्ट में बीजेपी सरकार ने की थी कटौती-देवासी

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**सांचौर।** भाजपा के नेताओं द्वारा सड़क व पानी की समस्याओं के समाधान को लेकर भीनमाल में 9 दिन धरना दिया। जिसके बाद भीनमाल से जालोर 4 दिन पैदल यात्रा कर जालोर पहुंचे और कलेक्ट्रेट के सामने महापड़ाव डाला। इस पूरे मामले पर आज कांग्रेस नेताओं ने पलटवार करते हुए भाजपा के धरने को थोथी वाहवाही लूटने का एक स्टंड बताया

### बीजेपी पर साधा निशाना

सांचौर पहुंचे जन अभियोग निराकरण समिति के अध्यक्ष पुखराज पाराशर ने कहा कि पिछली कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में जिले के लिए पेयजल प्रोजेक्ट की घोषणा की थी । उसके बाद भाजपा की सरकार थी लेकिन इन्होंने एक पैसे का काम नहीं करवाया । अब वापस कांग्रेस की सरकार इन पेयजल प्रोजेक्ट को गंभीरता से पूरा करवा रही है । तय समय में प्रोजेक्ट पूरा हो जाएगा , लेकिन भाजपा के नेता केवल दिखावा करने के लिए धरना दे रहे हैं।

### ज्यादा सड़कों का नवीनीकरण

उन्होंने कहा कि सड़कों के ज्यादातर टेंडर हो चुके है और आने वाले एक साल में ज्यादातर सड़कों का नवीनीकरण हो जाएगा। इसके अलावा उन्होंने कहा कि अगर भाजपा वाले नेताओं को इतनी ही चिंता होती तो खस्ताहाल नेशनल हाइवे 68 की मरम्मत क्यों नहीं करवा रहे हैं।



### मंत्री बोले - ईआर सहित तीन अन्य प्रोजेक्ट बनाए

राजस्व राज्य मंत्री सुखराम बिश्नोई ने कहा कि बाड़मेर और जालोर के कई उपखंड क्षेत्र को पेयजल संकट से निजात दिलाने के लिए ईआर सहित तीन अन्य प्रोजेक्ट बनाए थे । अब इस ईआर प्रोजेक्ट को लेकर भाजपा के नेता धरना दे रहे है, जबकि पिछले भाजपा सरकार के कार्यकाल में भीनमाल विधायक पूराराम ने विधानसभा में एक शब्द तक इस प्रोजेक्ट को पूरा करवाने के लिए नहीं बोला था। बीजेपी पर बजट में कटौती करवाने का आरोप रानीवाड़ा के पूर्व विधायक रतन देवासी ने कहा कि 2013 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ईआर, एफआर, डीआर प्रोजेक्ट व कलस्टर के लिए 1200 करोड़ रुपए देकर टेंडर करवा दिए थे, लेकिन बाद में भाजपा सरकार ने इन सभी प्रोजेक्ट में कटौती कर दी थी। इस दौरान संगठन जिला प्रभारी भूराराम सीरवी, महासचिव सुनील पुरोहित, अमराराम माली,जगदीश गोदारा व महेंद्र माली, अर्जुन देवासी, जगदीश सारण, सहित अन्य कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

ANCHOR | राजस्थान में अंग्रेजी माध्यम पर जोर

# प्रदेश में 211 हिन्दी माध्यम स्कूल अंग्रेजी में बदले

**इसी साल होंगे नए एडमिशन**

जागरूक जनता
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** महात्मा गांधी अंग्रेजी माध्यम स्कूलों में एडमिशन के लिए ताबड़तोड़ आवेदन आने के बाद शिक्षा विभाग ने भी दिल खोलकर नए स्कूल बना दिए हैं। राज्य के 211 हिन्दी माध्यम के स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में बदलने के आदेश दिए हैं। खुद शिक्षा मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला के गृह जिले में बारह नए स्कूल खोले गए हैं।

अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का ज्यादा क्रेज शहरी क्षेत्र में देखने को मिला है, वहीं ग्रामीण एरिया में कुछ क्षेत्रों में इसका विरोध भी हुआ। ऐसे में इस बार शहरी क्षेत्र में ही ज्यादातर स्कूल खोले गए हैं। ग्रामीण विधानसभा एरिया में भी कस्बों में महात्मा गांधी स्कूल खोले गए हैं। जयपुर में सर्वाधिक चालीस स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में तब्दील किया गया है। बीकानेर जिले में बारह स्कूल है जबकि डॉ. कल्ला के विधानसभा क्षेत्र बीकानेर पश्चिम में छह स्कूल महात्मा गांधी में बदल गए हैं। वहीं बीकानेर पूर्व में एक स्कूल है। इसके अलावा अलवर में पंद्रह, बाडमेर में पांच, बारां में तीन, भरतपुर में 14, भीलवाड़ा में एक, चित्तौड़गढ़ में दस, चूरू में दस, दौसा में पंद्रह, धौलपुर में तीन, डूंगरपुर में एक, हनुमानगढ़ में सोलह, जालौर में एक, झुंझुनूं में तेरह, जोधपुर में तेरह, करौली में पांच, कोटा में एक, नागौर में पांच, राजसमंद में तीन, गंगानगर में एक, सीकर में सात, सिरोही में एक, टोंक में पांच, उदयपुर में चार व अजमेर में पांच स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में बदला गया है।



फाईल

### नहीं हटेंगे शहीद के नाम

राज्य में जो स्कूल शहीद के नाम से हैं, उन्हें सिर्फ अंग्रेजी माध्यम स्कूल बनाया गया है। उनके नाम के साथ महात्मा गांधी नहीं जोड़ा गया है। हालांकि इनमें सभी व्यवस्थाएं महात्मा गांधी स्कूल की ही रहेगी।

### विभाग में नए सेक्शन

महात्मा गांधी स्कूल का संचालन तरीके से करने के लिए शिक्षा विभाग ने पिछले दिनों निदेशालय और संभाग मुख्यालयों पर नए पद सृजित कर दिए हैं। शिक्षा निदेशालय में अब उप निदेशक और सहायक निदेशक का पद अलग से दिया है जो राज्य के महात्मा गांधी स्कूलों की व्यवस्था देखेंगे। वहीं संभाग में भी ऐसे ही पद होंगे। जिलों में अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी का एक पद दिया गया है।

### बीकानेर में ये स्कूल

बीकानेर पश्चिम में एमएम सीनियर सैकंडरी स्कूल, भट्टड़ उच्च माध्यमिक विद्यालय, सर्वोदय बस्ती के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, पवनपुरी के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, एलबीडी बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, सुजानदेसर के उच्च माध्यमिक विद्यालय को हिन्दी से अंग्रेजी माध्यम बना दिया है। वहीं लूणकरनसर के हुडको बास गारबदेसर, काकड़वाला, करणीसर, शेरपुरा, सहजरासर में भी हिन्दी माध्यम स्कूलों को अंग्रेजी माध्यम में बदला गया है।

डाक पंजीयन सं. : jaipurcity/105/2021-23 | R.N.I.Regd.No.:RAJHIN/2015/61758

# यूएई से भारत रवाना हुए पीएम मोदी, स्वागत के बाद एयरपोर्ट पर छोड़ने आए राष्ट्रपति शेख मोहम्मद

**दुबई @ जागरूक जनता।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति और अबूधाबी के शासक शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान से मुलाकात कर वापस भारत रवाना हो गए। पीएम मोदी यूएई के पूर्व राष्ट्रपति शेख खलीफा बिन जायद अल नाहयान के निधन पर व्यक्तिगत संवेदना व्यक्त करने के लिए यूएई गए थे। पीएम के दौरे की खास बात यह भी रही कि खुद यूएई के मौजूदा राष्ट्रपति शेख मोहम्मद ने उनकी यहां हवाई अड्डे पर अगवानी की। जैसे ही पीएम मोदी अपने विमान से उतरे वैसे ही शेख मोहम्मद उनका स्वागत करने के लिए पहुंच गए। दोनों नेताओं को बड़ी गर्मजोशी के साथ मिलते देखा गया। यही नहीं, कुछ घंटे बाद जब पीएम मोदी वापस भारत रवाना हुए तो शेख मोहम्मद उन्हें एयरपोर्ट पर विदा करने भी आए।

अधिक खबरों के लिए देखें www.jagrukjanta.net

विनायक ज्वैलर्स
Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery
22 K 916 — हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 — हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 — Silver Utensiles
Certified — राशि रत्न
BIS 100% Hall Marked Jewellery
G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhya Dhar Nagar, Jaipur
0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451

हम आपके लिए लाये हैं.... Admission OPEN
'एक निश्चित विकल्प' डायरेक्टर- पी.सी. चौधरी
मयूर पब्लिक स्कूल
Hindi / English Medium
PG to 12th Science Arts Com.
शुभम शर्मा कक्षा - 12वीं विज्ञान 90.00%
विशेष विजय कक्षा - 12वीं विज्ञान 89.20%
मो. आमीर बेग कक्षा - 12वीं विज्ञान 89.20%
विशाल चादवानी कक्षा - 12वीं विज्ञान 86.80%
अर्जुन सिंह तंवर कक्षा - 12वीं विज्ञान 84.00%
विक्रम कुमार कक्षा - 12वीं विज्ञान 82.80%
हैल्पलाईन- 01412234164 मो.-9461336601
एल.एस. नगर, नया खेड़ा, विद्याधर नगर, जयपुर

हार्दिक बधाई
दिव्य आशीष : स्व. ठा. डॉक्टर केसर सिंहजी-जड़ाव कंवर
सुश्री डॉ. महिमा जादौन
ने MBBS परीक्षा प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण कर हमारे परिवार का गौरव बढ़ाया है। हम सब उसके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं।
शुभकामनाओं सहित
दादोसा-दादीसा : ठा. सज्जन सिंह-रतन कंवर
माता-पिता : कु. प्रवीण सिंह-दीपिका कंवर
भुआसा-फूफोसा : ठा. प्रदीप सिंह-रीटा कंवर
कु. तेजेन्द्र सिंह-सीमा कंवर
भाई-बहन : पौंजल, भंवर तनिषपाल सिंह, भंवर रौनकपाल सिंह, भंवर गौरवपाल सिंह,
कु. दक्षराज सिंह एवं समस्त जादौन परिवार, पीसांगन, चेन्नई
मो. 9444035351, 9282114466
नानोसा-नानीसा : ठा. रामसिंह राठौड़ - राजकुमारी राठौड़
मामोसा-मामीसा : कु. देवेन्द्रसिंह राठौड़-पूनम कंवर

HBOT जीवन रक्षक प्रणाली द्वारा इलाज
ऑक्सीजन (प्राणवायु) ट्रीटमेंट
» मस्तिष्क चोट, पक्षाघात/लकवा
» सेरेब्रल पाल्सी, ऑटिज्म
» असाध्य घाव/शुगर के घाव
» कैंसर (रेडियो थेरेपी) के साईड इफेक्ट
» अचानक बहरापन (Hearing Loss)
» डाईबेटिक फुट में अम्पुटेशन (पैर कटने) से बचाव
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें:- 98290-17133, 70737-77133 9983317133
डॉ. हिमांशु अग्रवाल M.B.B.S. M.D.
नेशनल हायपरबैरिक रिसर्च सेन्टर
594-B-C, जेम्स कॉलोनी, सैक्टर-3, मंदिर मोड़, विद्याधर नगर, जयपुर
Dept. of Hyperbaric Medicine
Fortis Escorts Hospital
JLN Marg, Malviya Nagar, Jaipur
E-mail : hbotjaipur@gmail.com
www.nationalhbot.com

भगवती बाल निकेतन
भगवती शिक्षण संस्थान बालोतरा (राज.)
उच्च माध्यमिक विद्यालय समदड़ी रोड, बालोतरा
विज्ञान वर्ग में बालोतरा उपखण्ड हिन्दी माध्यम में 1st एवं अंग्रेजी माध्यम में 2nd
बोर्ड परीक्षा परिणाम - 2022
मनोहर धतरवाल 96.40% (12 विज्ञान वर्ग)
कांतिलाल माली पुत्र श्री तेजाराम 93.40% (12 कला वर्ग)
प्रिन्स राजपुरोहित पुत्र श्री तेजसिंह 95.00% (10 वीं बोर्ड)
12 वीं विज्ञान वर्ग: मोहित प्रजापत पुत्र श्री ऊकाराम 95.40%; 95.20%; 95.00%; 94.60%; 94.20%
मनिषा पटेल 94.20%; रिन्कु सांखी 93.80%; 93.80%; 93.20%; 93.20%; 93.20%; 93.00%; 92.60%
उषा ढाका 91.00%; सवाई गर्ग 91.00%; 91.00%; 90.80%; 90.20%; 90.20%; 90.00%; 90.00%
12 वीं कला वर्ग: आबेद खान 91.80%; जसवंत सिंह 90.60%; 89.00%
10 वीं बोर्ड: 94.50%; 91.33%; 91.00%; 90.83%; 90.00%
1. बोर्ड की नियमित कक्षाओं के साथ अतिरिक्त कक्षाओं का निःशुल्क आयोजन।
2. नियमित मासिक/साप्ताहिक टेस्टो का आयोजन
3. दिखावे के आडम्बरो से दूर शांत एवं सुव्यवस्थित कक्षाएं
4. बोर्ड पाठ्यक्रम के साथ NEET, JEE व NDA की निःशुल्क तैयारी
12 वीं विज्ञान वर्ग में कुल प्रविष्ठ 102 विद्यार्थी
95 प्रतिशत से अधिक - 4
90 प्रतिशत से अधिक - 22
85 प्रतिशत से अधिक - 57
सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण
अंग्रेजी माध्यम में Play Group से 12th तक प्रवेश प्रारम्भ
फतेह सिंह निदेशक एवं प्रधानाचार्य 9461748994, 9982119332

Reliance Growth is Life


TRENDS शॉपिंग फेस्टिवल
50% तक की छूट*
*चुनिंदा मर्चेन्डाइज़ पर
+
₹3499 की खरीदारी करें और पाएं
₹3000* कीमत के कूपन
+
₹199* में आकर्षक उपहार
ऑफर यहाँ भी मान्य है TRENDS FOOTWEAR
*नियम और शर्तें लागू। ऑफर स्टॉक रहने तक मान्य। सामान इस ऑफर के बिना भी उपलब्ध है। 2 या अधिक बिलों को जोड़ने या विभाजित करने की अनुमति नहीं है। ट्रेंड्स स्टोर में एक बिल में कम से कम ₹2999/- की ख़रीदारी पर, कृपया निम्नलिखित फ़ायदों के लिए ट्रेंड्स स्टोर की कस्टमर सर्विस डेस्क पर बिल प्रस्तुत करें: ₹1500 ट्रेंड्स कूपन (₹500-500 के 3 कूपन) और ₹1500 trends.ajio.com कूपन (₹500-500 के 3 कूपन). कृपया ट्रेंड्स, trends.ajio.com के लिए जारी कूपनों पर विस्तृत नियम और शर्तें, ऑफर मान्यता देखें। कृपया अधिक जानकारी के लिए स्टोर स्टाफ से बात करें.
5% INSTANT DISCOUNT* SBI card
*Min. Trxn.: ₹4,000; Max. Discount: ₹500 per card.
Validity: 21 Jun - 21 Jul 2022. T&C Apply.


संपादक : ज्ञानेन्द्र मिश्रा मो.-9829329070, फोन : 0141-3587886, ईमेल : jagrukjantanews@gmail.com (सभी मामलों का न्याय क्षेत्र जयपुर) * पीआरबी एक्ट के तहत खबर चयन के जिम्मेदार। संपादकीय कार्यालय : 180, जे.पी. कॉलोनी, मैन आपीए रोड, 16 नं. बस स्टैण्ड, विद्याधर नगर, जयपुर (राजस्थान)-302039

Jagruk Janta
जागरूक जनता
Digital Edition
jagrukjanta.net
जयपुर, बुधवार, 29 जून, 2022
Reliable Weekly News Paper
/jagrukjantanews  jagruk_janta  /jagrukjanta

# गोल्डन गर्ल अवनी ने रचा इतिहास

## 10 और 50 मीटर शूटिंग में बनी दुनिया की नंबर-1 शूटर

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** भारत की बेटी अवनी लेखरा ने अपने शानदार खेल की बदौलत दुनियाभर में एक बार फिर भारत का नाम रोशन किया है। मंगलवार को वर्ल्ड शूटिंग पैरा स्पोर्ट्स रैंकिंग जारी की गई। जिसमें गोल्डन गर्ल अवनी ने R2-10 मीटर एयर राइफल महिला SH1 और R8- 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन महिला इवेंट में दुनियाभर में फर्स्ट रैंक हासिल की है। इसके साथ ही शूटिंग में एक साथ दो वर्ल्ड रैंकिंग में ऐसा करने वाली अवनी भारत की पहली पैरा खिलाड़ी बन गई है। वहीं दोनों इवेंट में वर्ल्ड नंबर वन का तमगा हासिल करने के बाद अवनी ने भी खुशी जाहिर की है। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि आर2 - 10एम एयर राइफल महिला एसएच1 और आर8- 50एम राइफल 3 पोजीशन महिला टूर्नामेंट की वर्ल्ड रैंकिंग में पहला स्थान पाकर बेहद खुश हूं। इस उपलब्धि ने मुझे प्रेरित किया है। गोल्डन गर्ल अवनी लेखरा के लिए इस साल जून का महीना काफी खास साबित हो रहा है। इस महीने फ्रांस में आयोजित वर्ल्ड शूटिंग चैंपियनशिप में अवनी ने 2 गोल्ड मेडल जीत इतिहास रचा था। 11 जून को उन्होंने 50 मीटर राइफल इवेंट जबकि 7 जून को उन्होंने 10 मीटर एयर राइफल इवेंट में भी गोल्ड मेडल जीता था। वहीं अब जून के महीने में ही वर्ल्ड नंबर वन का खिताब भी अवनि ने अपने नाम किया है।

## बूथ स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ आयोजन, विधायक रामलाल शर्मा ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह



**चौमूँ @ जागरूक जनता।** ग्रामीण युवा कल्याण संस्थान द्वारा आयोजित बूथ स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता के मैच का आज ग्राम पंचायत विजयसिंहपुरा के बूथ के मैच समरपुरा में संपन्न हुए। इस मैच में ग्राम पंचायत विजयसिंहपुरा के बूथ नंबर 147, 150 और 151 के मध्य मैच हुआ। विधायक रामलाल शर्मा द्वारा शुभारंभ किया। जिसमें बूथ नंबर 147 ग्राम समरपुरा की टीम विजय रही। इस दौरान विधायक रामलाल जी शर्मा ने खिलाड़ियों को क्रिकेट किट और ड्रेस वितरण की। साथ ही युवाओं में केंद्र सरकार की अग्निपथ योजना को लेकर काफी उत्साह देखने को मिला। उन्होंने अपनी टीम का नाम अग्निवीर रखा। अग्निपथ योजना को लेकर सभी बच्चों ने प्रधानमंत्री की जमकर तारीफ की। जो युवा फौज में जाने की योग्यता रखते है वो सभी युवा इस योजना को लेकर उत्साहित हैं और सभी अपने आपको अग्निवीर से संबोधित कर रहे थे, यह देखकर विधायक रामलाल शर्मा ने अग्निपथ योजना में शामिल होने के लिए शुभकामनाएं दी। इस मौके पर युवाओं और ग्रामवासियों द्वारा विधायक रामलाल शर्मा का साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया। इस मौके पर फतेहपुरा सरपंच बाबूलाल गुर्जर, पूर्व पंचायत समिति सदस्य कालूराम बड़बड़वाल, किसान मोर्चा के मंडल अध्यक्ष सरदारमल चौधरी, बासा मंडल के संगठन मंत्री सोहन देवदा, बूथ अध्यक्ष सांवरमल, ओंकारमल जाट, गोपाल जाट, शैतान, गोपी रूंडला, सुरेश बोबास्या, सांवर बोबास्या, वरामकिशोर मीणा सहित कई युवा उपस्थित रहे।

## उदयपुर में तालिबानी हत्याकांड, पोस्टमार्टम आज

# विरोध में सड़कों पर उतरे लोग, पुलिस से झड़प-पथराव, 7 घंटे बाद उठाया शव

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** उदयपुर में मंगलवार को नूपुर शर्मा के समर्थन में एक युवक की तालिबानी तरीके से हत्या कर दी गई। विरोध में सड़कों पर उतरे लोग करीब 7 घंटे बाद रात 10 बजे शव उठाने पर राजी हुए। शव उदयपुर के अस्पताल में रखवाया गया है। बुधवार सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा। इससे पहले हाथीपोल चौराहे पर पहुंचे लोगों और पुलिस की झड़प हुई। इसमें भाजपा युवा मोर्चा का एक कार्यकर्ता घायल हो गया। मौके पर नियंत्रण के लिए भारी पुलिस जाब्ता तैनात किया गया। वहीं, बर्बर हत्याकांड ट्विटर सहित अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर टॉप ट्रेंडिंग में शामिल रहा। बर्बर हत्याकांड के विरोध में भारी संख्या में लोगों ने एकत्रित होकर नारेबाजी की। इस बीच पत्थरबाजी की घटना हुई। शाम करीब पौने आठ बजे हाथीपोल इलाके में पत्थरबाजी शुरू हो गई। पुलिस पर पथराव किया गया। हालांकि पुलिस का भारी जाब्ता मौके पर तैनात है। उधर, दोनों आरोपी रियाज अंसारी व मोहम्मद गौस को राजसमंद के भीम से गिरफ्तार कर लिया गया है। उदयपुर जिले में अगले आदेश तक इंटरनेट बंद किया गया है।

### शव नहीं उठाने पर अड़े लोग

हत्या के बाद मृतक के परिजन और समाज के लोग शव नहीं उठाने पर अड़े थे। मारे गए युवक कन्हैया की डेड बॉडी उसकी दुकान के बाहर ही रखी थी। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि जब तक एसपी और आईजी सस्पेंड नहीं होते तब तक शव को नहीं उठाने दिया जाएगा। लगभग 5 थानों के एसएचओ सहित तमाम पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच चुके थे। इसके बाद देररात दोनों पक्षों में समझौता हो गया है। मारे गए युवक के परिजनों की मांगों पर सहमति बन गई।



## पूरे प्रदेश में 24 घंटे इंटरनेट बंद, वीडियो वायरल किया तो नहीं छोड़ेगी पुलिस

### उदयपुर की घटना को लेकर मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** उदयपुर में युवक के हत्या के मामले में राज्य सरकार ने सुरक्षा के मद्देनजर कई फैसले किए है। इनमें प्रदेश में आगामी 24 घंटे तक इंटरनेट बंद कर दिया गया है। साथ ही प्रदेश में धारा 144 लागू कर दी गई हैं। घटना के बाद मुख्य सचिव उषा शर्मा ने मंगलवार शाम उच्च स्तरीय बैठक लेकर सभी संभागीय आयुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों एवं जिला कलेक्टरों को प्रदेशभर में विशेष सतर्कता और चौकसी बरतने के निर्देश दिए हैं। उदयपुर घटना की जांच के लिए स्छ्ळ का किया गठन किया गया। एसआईटी में एसओजी एडीजी अशोक राठौड़, एटीएस आईजी प्रफुल्ल कुमार एवं एक एसपी और एडिशनल एसपी होंगे। मुख्य सचिव ने कानून-व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से प्रदेशभर में आगामी 24 घण्टे के लिए इंटरनेट बंद किए जाने, सभी जिलों में आगामी एक माह तक धारा 144 लागू कर चार लोगों से अधिक के एकत्रित होने पर रोक लगाने, पुलिस एवं प्रशासन के सभी अधिकारियों के अवकाश निरस्त करने, शांति समिति की बैठकें आयोजित करने और उदयपुर जिले में आवश्यकतानुसार कर्फ्यू लगाए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी प्रभारी अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकों को रेंज में भेजने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने सभी संभागीय आयुक्त को निर्देश दिए हैं कि उदयपुर की घटना के वीडियो के मोबाइल एवं अन्य माध्यमों से प्रसार पर सख्ती से रोक लगाई जाए। साथ ही वीडियो को प्रसारित करने वाले लोगों पर नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

### सीएम ने की शांति की अपील

सीएम के जोधपुर एयरपोर्ट पहुंचने के बाद उदयपुर मामले में बयान जारी किया। उन्होंने कहा- बहुत चिंता वाली बात है। किसी का मर्डर करना चिंताजनक है। पूरे देश में तनाव का माहौल बन गया है। माहौल ठीक नहीं है। गलियों-मोहल्लों में जहां जिसकी आबादी कम संख्या में है वे ज्यादा चिंतित है। आपस में तनाव और डिस्टेंस हो गया है। पीएम का भी फर्क पड़ता है। उन्होंने कहा- पीएम को संबोधित करना चाहिए और अपील करनी चाहिए कि हम किसी तरह की हिंसा को बर्दाश्त नहीं करेंगे। यह घटना मामूली नहीं है, यह कल्पना से बाहर है। उन्होंने कहा कि मैंने भी सभी से शांति-सद्भावना बनाए रखने की अपील की। नेता प्रतिपक्ष से भी मिला कि तनाव पैदा न हो। हम सब मिलकर प्रदेश में शांति रखें। मामले को लेकर वे बोले कि आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

### पुलिस ने दिखाई तत्परता

घटना के बाद उदयपुर पुलिस तुरंत एक्टिव हुई। तमाम पुलिस अधिकारी जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे। हालात पर काबू पाने की कोशिश की। वहीं, राजस्थान पुलिस मुख्यालय ने दो एडीजी जंगा श्रीनिवास राव और एडीजी एसीबी दिनेश एमएन को जयपुर से उदयपुर के लिए रवाना कर दिया है। देर रात तक दोनों एडीजी उदयपुर पहुंच जाएंगे। वहीं, दो डीआईजी राजेन्द्र गोयल और राजीव पचार के साथ-साथ 600 पुलिसकर्मियों का जाप्ता मौके के लिए रवाना कर दिया गया है। पुलिस मुख्यालय ने पूरी घटना को बड़ी गम्भीरता से लेते हुए आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। एडीजी लॉ एंड ऑर्डर हवा सिंह घूमरिया ने जानकारी देते हुए बताया कि अभी आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं, लेकिन जांच एजेंसियां एक्टिव कर दी गई है। जल्द ही आरोपी पकड़े जाएंगे। घूमरिया ने उदयपुर की जनता को आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी की जाएगी जयपुर में सीनियर अधिकारी पूरे घटनाक्रम पर मॉनिटरिंग कर रहे हैं।

## जयपुर-दिल्ली की लग्जरी बस 200 रुपए महंगी हुई

### वॉल्वो बसों का किराया बढ़ा, 1 जुलाई से 900 रुपए लगेंगे

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जयपुर से दिल्ली का लग्जरी सफर अब 30 फीसदी महंगा हो गया है। राजस्थान रोडवेज ने सुपर लग्जरी वॉल्वो बस के किराये में 200 रुपए बढ़ा दिए हैं। ये किराया जयपुर-दिल्ली के बीच चलने वाली ऐसी डबल डेकर ट्रेन से 400 रुपए ज्यादा है। रोडवेज का ये बढ़ा हुआ किराया 1 जुलाई से लागू होगा। दरअसल रोडवेज प्रशासन ने कोविड के समय यात्रीभार कम होता देख जयपुर-दिल्ली रूट पर वॉल्वो बस का किराया 200 रुपए कम कर दिया था। डीजल और अन्य खर्चे बढ़ने का हवाला देते हुए रोडवेज ने इस छूट को खत्म करते हुए वापस 900 रुपए लेने का निर्णय किया है। दरअसल, जयपुर से दिल्ली के लिए रोज 13 से ज्यादा बस संचालित होती है।

### 18 रुपए महंगा हो गया डीजल

रोडवेज अधिकारियों ने बताया कि पिछले 3-4 महीने से डीजल की कीमतों में इजाफा होने के बाद रोडवेज की संचालन कॉस्ट दिल्ली रूट पर ज्यादा आने लगी। उन्होंने बताया कि पिछले एक साल में डीजल करीब 18 रुपए महंगा हो गया है, जिसके कारण इस रूट पर चलने वाली वॉल्वो बसों में प्रति किलोमीटर कॉस्ट 6 रुपए तक बढ़ गई है। बस में यात्री फुल होने के बाद भी रोडवेज को बहुत ज्यादा घाटा हो रहा था, जिसे देखते हुए इस छूट को वापस लेने का फैसला किया है। रोडवेज की तरफ से एक जुलाई से रोडवेज की वोल्वो बसों में पीने के पानी की बोतल देने की भी सुविधा शुरू करेगा। कोविड के बाद से रोडवेज ने बसों में पानी की सुविधा देने की प्रि या को बंद कर दिया था।




## जागरूक खबरें

### आयकर सीमा में मिले छूट

**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान समग्र शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर उदय सिंह डिगार ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को ज्ञापन प्रेषित कर देश में आयकर की सीमा में छूट देने एवं कर्मचारियों के वाहन ऋण को पूर्णतया कर मुक्त करने की मांग उठाई है। उन्होंने बताया कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों के वेतन में नियमानुसार बढ़ोतरी हुई है, लेकिन इस बढ़ोतरी के अनुपात में आयकर की सीमा नहीं बढ़ाई गई है। अतः कर्मचारियों को अपने वेतन एवं भत्तों का एक बहुत बड़ा हिस्सा पुनः आयकर के रूप में राजकोष में जमा कराना पड़ता है, जो कतई उचित नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि आयकर की सीमा न्यूनतम पाचं लाख तक किसी तरह का आयकर नही लिया जाना चाहिए। पाचं लाख से दस लाख तक पाचं पृतिशत ही आयकर लिया जाना चाहिए। जबकि वर्तमान मे पाचं लाख से अधिक पर आयकर की सीधे ही 20% की कटौती करने का जो प्रावधान है, वह उचित नहीं है। उन्होंने यह भी बताया कि शिक्षकों एवं कार्मिकों समेत मध्यम वर्ग को अपने वाहन खरीदने के लिए ऋण लेना पड़ता है, किंतु फिर भी कार्मिकों के ब्याज में उचित आयकर की छूट नहीं दी जाती है, इस कारण से कार्मिकों को अपने दो पहिया एवं चार पहिया वाहन लेने में समस्याओं का सामना करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि वर्तमान की परिस्थितियों में एवं निवेश की छूट के मद्देनजर आयकर की सीमा पाचं लाख तक करमुक्त की जानी चाहिए। पाचं से दस लाख तक पाचं पृतिशत एवं दस से बीस लाख तक दस पृतिशत करने तथा उससे अधिक आय होने पर बीस पृतिशत किया जाकर शिक्षकों एवं कार्मिकों समेत आमजन को राहत दी जानी चाहिए।

### राजस्थान के खिलाड़ियों ने नेपाल में जीते रोलर स्केटिंग व रोलर बास्केटबॉल में पदक



**जयपुर @ जागरूक जनता।** नेपाल स्पोर्ट्स काउंसलिंग के माध्यम से 6 वी इंडो नेपाल स्पोर्ट्स फेस्टिवल 2022 का आयोजन 17 से 18 जून 2022 तक नेपाल के काठमांडू शहर के दशरथ रंगशाला स्टेडियम में किया गया. जहां पर विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया था जिसमें भारतीय टीम ने रोलर स्केटिंग और रोलर बास्केटबॉल में पदक प्राप्त कर राजस्थान का नाम रोशन किया। राजस्थान रोलर बास्केटबॉल संघ के महासचिव दिनेश शर्मा ने बताया कि भारतीय टीम में चयनित राजस्थान के खिलाड़ियों का 10 दिवसीय कैंप अजमेर स्थित ऑल सेंट्स स्कूल में लगाया गया जिसमें रोलर स्पीड स्केटिंग व रोलर बास्केटबॉल खेल का प्रशिक्षण दिया गया। भारतीय टीम ने रोलर बास्केटबॉल की सब जूनियर व जूनियर रोलर बास्केटबॉल प्रतियोगिता में रजत पदक प्राप्त किया पदक विजेता खिलाड़ियों इस प्रकार है- स्वस्ति चौरसिया, लक्ष्य चौहान, ध्रुव चौहान, अहसास अग्रवाल, प्रज्ञानश सेठिया, देवेंद्र चंगल, अभिजीत गैना, भव्यांश, सूयश् चौरसिया चित्रांश सैनी। इसी प्रकार रोलर स्पीड स्केटिंग की 300 व 500 मीटर की रिंग रेस प्रतियोगिता में पदक विजेता प्राप्त खिलाड़ी इस प्रकार है- अभिजीत गैना - गोल्ड मेडल (300 व 500 मीटर), देवेंद्र चंगल - गोल्ड मेडल (500 मीटर), सिल्वर मेडल (300 मीटर), सुयश चोरसिया - गोल्ड मेडल (300 व 500 मीटर), स्वस्ति चोरसिया - गोल्ड मेडल (300 व 500 मीटर), प्रज्ञांश सेठिया- गोल्ड मेडल 500 मीटर, एहसास अग्रवाल - ब्रॉन्ज मेडल 300 मीटर, सिल्वर मेडल 500 मीटर, भव्यांश - गोल्ड मेडल 500 मीटर, ध्रुव चौहान - सिल्वर मेडल 500 मीटर, लक्ष्य चौहान - ब्रॉन्ज मेडल 300 व 500 मीटर, चित्रांश सैनी - सिल्वर मेडल 500 मीटर। आज इन पदक विजेता खिलाड़ियों के सम्मान में अजमेर स्थित स्वामी कॉन्पलेक्स के वेंकट हॉल में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। एक सम्मान समारोह का आयोजन राजस्थान रोलर बास्केटबॉल संघ अध्यक्ष श्री कवल प्रकाश किशनानी की मौजूदगी में रखा गया। कवल प्रकाश किशनानी ने सभी पदक विजेता खिलाड़ियों को अपनी तरफ से शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इनके साथ ही इस सम्मान समारोह में अंतरराष्ट्रीय रोल बॉल के स्वर्ण पदक प्राप्त खिलाड़ी किशोर कुमार मारोठिया भी मौजूद रहे।

### चतुर्वेदी को राष्ट्रीय महामंत्री मनोनीत होने पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार सुरक्षा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद गुप्ता ने राष्ट्रीय संगठन महामंत्री पद पर नीरज चतुर्वेदी हिंडौन सिटी को नियुक्त किया। नियुक्ति की खबर चित्तौड़ जिले में लगते ही अंतरराष्ट्रीय मानवधिकार सुरक्षा फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष राजू अग्रवाल शंभूपुरा के नेतृत्व में, मंदसौर जिला अध्यक्ष नरेंद्र भाई बैरागी मल्हारगढ़,जिला महामंत्री गोपाल शर्मा ओबीसी तहसील अध्यक्ष महंत मुकेश दास वैष्णव, मनोज कोठारी जगदीश सुथार बाबू लाल कीर राजू कुमावत विद्या देवी, कमला देवी सोनी भूरा लाल डांगी भंवर लाल जितेंद्र वैष्णव करण सिंह जाट रवि तनेजा शंकर गुज्जर रामनारायण जाट कवर लाल गुर्जर ,किशन सिंह चुंडावत, कई कार्यकर्ता द्वारा मिठाइयां व आतिशबाजी कर खुशी, जताई राष्ट्रीय महामंत्री नीरज चतुर्वेदी ने कहा कि मैं पहले भी कई संगठनों में काम कर चुका हूं और इस संगठन को काफी ऊंचाइयों पर ले जाऊंगा संगठन को मजबूत के साथ महिलाओं के साथ अत्याचार नहीं होने दूंगा हर राज्य का दौरा करके कार्यकर्ताओं को अंतरराष्ट्रीय मानव आयोग की जानकारी दूंगा

## सेवा सप्ताह के पांचवे दिन रामचरण बोहरा ने सासंद निधि से दिव्यांगो को स्कूटी, ट्राईसाइकिल, व्हील चेयर, बैशाखी एवं सिलाई मशीन की वितरित

# कार्यकर्ताओ के समर्पण एवं लगनशीलता ने भाजपा को इस मुकाम तक पहुँचाया है

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** सांसद रामचरण बोहरा ने सेवा सप्ताह के तहत झुलेलाल मंदिर कंवर नगर में आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित दिव्यांगो में 7 को स्कुटी, 5 को ट्राईसाईकिल, 5 को व्हीलचेयर एवं 2 को बैसाखी, 9 दिव्यांग महिलाओं को सिलाई मशीन भी वितरित की। कार्यक्रम के दौरान स्ट्रीट वेण्डर योजना के तहत 51 खाताधारियो में 10 लाख 20 हजार रूपये के ऋण बैक ऑफ बड़ोदा के माध्यम से उपलब्ध करवाने के साथ प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के तहत 98 खाताधारी बीमा योजना से पंजीकृत हुए।

सांसद बोहरा ने आयोजित कार्यक्रम के दौरान उक्त सामग्री वितरित करते हुए कहा कि इनको भी अपनी सामान्य जिन्दगी जिने का पूर्ण अधिकार है। स्कुटी, ट्राईसाइकिल एवं व्हील चेयर से अपने स्वयं के कामकाज के लिये कही भी आ सकेगे, निर्भरता कम होगी। सांसद रामचरण बोहरा ने मंगोड़ी वालो की बगीची ब्रहमपुरी में जनसंघ से भाजपा तक समर्पण एवं लगन से कार्य करने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं का प्रशस्ति पत्र, दुपटा एवं शाल ओढ़ाकर सम्मान करते हुए कहा कि देश भर में लाखो कार्यकर्ताओ के समर्पण एवं लगनशीलता ने भाजपा को आज इस मुकाम तक पहुँचाया है। राष्ट्रवाद की अवधारणा ने हमेशा सक्रिय रहने एवं लोगो के सुख-दुख में शामिल होने की प्रेरणा दी है। सांसद रामचरण बोहरा ने सेवा सप्ताह में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की प्रतिमा पर स्वच्छता कार्य कर सन्देश दिया कि यह स्थान हमारे लिये महत्वपूर्ण है। इन स्थानो को स्वच्छ रखना हमारा कर्तव्य एवं दायित्व है। सांसद बोहरा ने जल महल के सामने स्थित बलदेव मंदिर, भगवान परशुराम मंदिर, सहित चांदी की टकसाल चांदपोल चांदपोल स्थित विभिन्न मंदिरो में कार्यकर्ताओं के साथ श्रमदान एवं पूजा अर्चना कर क्षेत्र एवं राष्ट्र के उन्नति की प्रार्थना की एवं परिंदों के लिए परिंडे भी लगाए। इसके पश्चात् पारीक कॉलेज में वृक्षारोपण कर कॉलेज के छात्र-छात्राओं से संवाद कार्यक्रम में उपस्थित रहे। वरिष्ठ कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम के दौरान संयोजक केदार शर्मा, उपाध्यक्ष जयपुर शहर, पूर्व विधायक हवामहल मोहनलाल गुप्ता, किशनपोल सुरेन्द्र पारीक, पार्षद, और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन राजस्थान संगीत नाटक अकादमी के पूर्व अध्यक्ष अशोक पाण्ड्या ने किया।

## 79 ट्रेनी RAS ऑफिसर बने जिलों में असिस्टेंट कलेक्टर

### 2021 बैच टॉपर मुक्ता राव को जयपुर में पोस्टिंग

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने 79 ट्रेनी RAS अफसरों को फील्ड पोस्टिंग देते हुए जिलों में एडिशनल कलेक्टर बना दिया है। इन्हें फील्ड में ट्रेनिंग का मौका मिलेगा। इनमें 2021 बैच के 78 और 2017 बैच का 1 अफसर शामिल है। जयपुर के हरीश चंद्र माथुर पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन इंस्टीट्यूट में प्रोफेशनल ट्रेनिंग कम्प्लीट होने के बाद अब ये अफसर जिलों की फील्ड में अपनी सेवाएं देंगे। 2017 बैच के सुरेश कुमार को पाली भेजा गया है। 2021 बैच की RAS टॉपर रहीं मुक्ता राव समेत 6 ऑफिसर को जयपुर डिस्ट्रिक्ट अलॉट किया गया है। जिनमें गरिमा शर्मा, सरिता शर्मा, राजेश जाखड़, सृष्टि जैन और गौरव बांकावत शामिल हैं।

कार्मिक विभाग ने सभी एडिशनल कलेक्टर (ट्रेनी) को 4 जुलाई तक संबंधित जिला कलेक्टर ऑफिस में उपस्थित होकर वर्कचार्ज रिपोर्ट देने को कहा गया है। 24 दिसम्बर 2021 ये 78 अफसर 2 साल के प्रोबेशन पीरियड पर ट्रेनिंग में चल रहे हैं। जोधपुर में 2, उदयपुर में 2, कोटा में 2, अजमेर में 2, बीकानेर में 2 और भरतपुर में 3 ऑफिसर्स को पोस्टिंग मिली है।मोहन लाल शर्मा-बारां, शिवाजी खाण्डल-अजमेर, निखिल कुमार-चूरू, वर्षा शर्मा-उदयपुर, यशवंत मीणा-करौली, रवि कुमार गोयल-जालौर, बीनू देवल-उदयपुर, विकास प्रजापत-बारां, सिद्धार्थ संधु-जैसलमेर, मोनिका समोर-राजसमंद, पूनम-जालौर, निहारिका शर्मा-सीकर, रवि प्रकाश-सिरोही, महेश गोगारिया-डूंगरपुर, हुक्मीचंद रोहलानिया-प्रतापगढ़, मालविका त्यागी-बारां, ऋषि सुधांशु पांडे -डूंगरपुर, हनुमाना राम-नागौर, कृति व्यास-कोटा, पदमा देवी-जोधपुर,कल्पित शिवराम-बांसवाड़ा, नेहा मिश्रा-टोंक, रवि कुमार-हनुमानगढ़, सुनील कुमार-नागौर, देवी लाल यादव-बाड़मेर, कुणाल राहड़-धौलपुर, मनीषा चौधरी को पाली में लगाया गया है।

अमिताभ मान-अजमेर, भरत राज गुर्जर-अजमेर, पुखराज कांसोटिया-डूंगरपुर, राजेंद्र कुमार-झुंझुनू, शिवराज सिंह चुंडावत-डूंगरपुर, संजीव कुमार-बांसवाड़ा, संजना जोशी-हनुमानगढ़, पुनीत कुमार गेलरा-चित्तौड़गढ़, यतीन्द्र पोरवाल-बांसवाड़ा, कुलदीप सिंह शेखावत-अजमेर, जोगेन्द्र सिंह-सवाई माधोपुर, बजरंग लाल स्वामी-प्रतापगढ़, नेहा छीपा-भीलवाड़ा, राजेंद्र कुमार-सेकंड-बीकानेर, अर्चना बुगालिया-चित्तौड़गढ़, नीतू करोल -दौसा, विष्णु बंसल-भरतपुर, मनोज-बाड़मेर, बृजेश कुमार-टोंक, अर्चना चौधरी-सीकर, गोविंद सिंह भीचर-भीलवाड़ा, छत्रपाल चौधरी-झालावाड़ में लगाए गए हैं। पूजा मीणा-उदयपुर, मनीष कुमार मीणा-अलवर, दीपक सिंह खटाना-धौलपुर, गुलाब सिंह वर्मा-झुंझुनू, रेखा मीणा-अलवर, राम सिंह गुर्जर-बाड़मेर, मनस्वी नरेश-चित्तौड़गढ़, ओमप्रकाश चंदेलिया-झालावाड़, दीपक महावर-बूंदी, पूरण कुमार शानी-नागौर, रमेश कुमार-करौली, शिवराज मीणा-राजसमंद, कपिल कुमार कोठारी-उदयपुर, गरिमा शर्मा सेकंड-जोधपुर, संजीव कुमार वर्मा-बीकानेर, बाबूलाल-भरतपुर, सपना कुमारी -कोटा, नवज्योति कंवरिया-अलवर, प्रति चक-भरतपुर, अमिता बिश्नोई-श्रीगंगानगर, गौरव बांकावत-जयपुर, भारती फूलफकर-श्रीगंगानगर, निरमा बिश्नोई-भीलवाड़ा और अभिमन्यु सिंह कुंतल-प्रतापगढ़ जिले में पोस्टेड किए गए हैं।

## पटना हाईकोर्ट का बड़ा फैसला

# 'अगर पीड़िता ने नहीं किया विरोध, तो इसका मतलब ये नहीं की रेप के लिए सहमति दी'

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net




**नई दिल्ली।** बार और बेंच की रिपोर्ट के अनुसार, पटना हाईकोर्ट ने रेप मामले में एक बड़ा फैसला सुनाया, जिसमें कहा गया कि रेप पीड़िता अगर हमले के समय हाथापाई नहीं करती या अगर उसके शरीर पर चोटों के कोई निशान नहीं हैं तो इसका मतलब यह नहीं है कि वह रेप के लिए सहमत है। पटना हाईकोर्ट ने निचली अदालत के आदेश के खिलाफ एक याचिका पर सुनवाई करते हुए ये बात कही।

हाईकोर्ट ने कहा, केवल इस आधार पर रेप को सहमति से सेक्स नहीं माना जा सकता कि पीड़िता ने वारदात के समय शारीरिक रूप से कोई प्रतिरोध नहीं किया। हाईकोर्ट ने 2015 के एक मामले की सुनवाई करते हुए ये टिप्पणी की। इस केस में पीड़ित महिला को एक कमरे में घसीटा गया और उसके साथ रेप किया गया। पीड़िता के बयान में अदालत को कोई खामी नहीं मिली, जिसे निचली अदालत में अभियोजन पक्ष के गवाह के रूप में पेश किया गया था। आपको बता दें, ये घटना 9 अप्रैल 2015 की है जब पीड़िता, जो ईंट भट्ठे में काम करने वाली मजदूर थी और उसने मालिक से मजदूरी मांगी थी। उसे कहा गया कि मजदूरी बाद में मिल जाएगी, मगर उसी रात जब पीड़िता अपने घर में खाना बना रही थी तो आरोपी वहां आया और उससे उसके बेटे का ठिकाना पूछा।

बाद में आरोपी उसे खींचकर दूसरे कमरे में ले गया और दरवाजा बंद करने के बाद चुप रहने के लिए उसका मुंह दबा दिया और फिर उसके साथ दुष्कर्म किया। पीड़िता के शोर मचाने पर ग्रामीण उसे बचाने आए और अगली सुबह प्राथमिकी दर्ज कराई गई। पीड़िती ने उस वक्त पूछताछ के दौरान बतया था कि सका पति आजीविका कमाने के लिए स्टेशन से बाहर था और उसका बेटा सिर्फ चार साल का था। अदालत ने कहा कि ऐसी परिस्थितियों में, उसके लिए प्रतिरोध करना संभव नहीं था। इस मामले में निचली अदालत से रेप के आरोपी को मिली एक सजा के खिलाफ अपील की गई थी। पटना हाईकोर्ट के जस्टिस एएम बदर ने दोषी पाए गए शख्स की अपील को खारिज करते हुए कहा कि, IPC की धारा 375 का प्रावधान यह स्पष्ट करता है कि केवल इसलिए कि एक महिला ऐसे कृत्य का शारीरिक रूप से विरोध नहीं करती है, इसे यौन गतिविधि के लिए सहमति नहीं माना जा सकता है।

### रोड सेफ्टी के लिए लोगों को किया जागरूक

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सड़क सुरक्षा और जीवन रक्षा से जुड़े गम्भीर विषयों पर जयपुर रूरल हेल्थ एंड डवलपमेंट ट्रस्ट की ओर से महर्षि सीनियर सेकेंडरी स्कूल में रोड सेफ्टी प्रोग्राम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में यातायात संबंधी नियमों, रोड साइन, यातायात के पथो, सड़क पर बनाई गई लाइनों के बारे में विद्यार्थियों को विस्तृत जानकारी दी। साथ ही, यातायात चिन्हों की जानकारी दी एवं युवाओं को इस विषय पर गंभीरता से विचार करने की सलाह दी। इसी के साथ एक्सपर्ट्स द्वारा एक्सीडेंट के कारणों, ट्रैफिक नियम, मोबाइल फोन का इस्तेमाल, वाहनों की गति तथा रोड पर ओवरटेक करने जैसे विषयों पर चर्चा की गयी। इस अवसर पर डॉ राजीव बियानी ने बताया कि इस तरह के कार्यक्रमों का उद्देश्य आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को कम करना है। साथ ही इस बात पर जोर दिया कि विद्यालयों एवं कॉलेजों में यातायात संबंधी पुस्तकें उपलब्ध करानी चाहिए और उसके अनुसार परीक्षाएं करवानी चाहिए ताकि सभी युवा नियमों से अवगत हो सके।

### सियासी खेल: शिंदे गुवाहाटी छोड़ आएंगे चौपाटी

## कल फ्लोर टेस्ट संभव, फडणवीस दिल्ली रवाना

**मुंबई @ जागरूक जनता।** शिवसेना के बागी नेता एकनाथ शिंदे ने जल्द मुंबई वापस जाने की बात कही है। मंगलवार को कई दिन बाद मीडिया के सामने आए एकनाथ शिंदे काफी कूल नजर आ रहे थे। उन्होंने कहा कि हम अलग से पार्टी नहीं बना रहे हैं। हम तो आज भी शिवसेना में ही हैं। गुवाहाटी में बागी विधायकों के साथ मीटिंग के बाद एकनाथ शिंदे ने कहा कि हम बालासाहेब ठाकरे के हिंदुत्व को आगे ले जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारे प्रवक्ता दीपक केसरकर आगे की रणनीति के बारे में जानकारी देंगे। एकनाथ शिंदे ने कहा कि कुल 48 विधायक हमारे साथ हैं और एकजुट हैं। बता दें कि एकनाथ शिंदे गुट के पास शिवसेना के दो तिहाई से ज्यादा विधायक हैं। इसके चलते उन्हें अयोग्य ठहराया जाना भी मुश्किल हो गया है। इस बीच खबर है कि निर्दलीय विधायक और प्रहार पार्टी के दो एमएलए सरकार से समर्थन वापसी की चिट्ठी राज्यपाल को सौंपेंगे। कहा जा रहा है कि 30 जून को अविश्वास प्रस्ताव लाए जाने की भी मांग हो सकती है। राज्यपाल को करीब 10 विधायकों की चिट्ठी जा सकती है।

## हिन्दू समाज को किया जागए जागरूक-शर्मा

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** नुपुर शर्मा के समर्थन में पोस्ट करने वाले हिन्दू टेलर की उदयपुर में मुस्लिम युवकों द्वारा जिस प्रकार से उसकी दुकान में जाकर हत्या कर दी गई। इससे ऐसा प्रतीत होता है पुलिस और कानून का डर खत्म हो गया। यह कहना है भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा का। शर्मा ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि, धोखे से पहले अपना नाप दिलवाया उसी दौरान धारदार हथियार से उस निर्दोष को इसलिए मारा गया की उसने थोड़े समय पहले नूपुर शर्मा का पक्ष लिया था। इस घटनाक्रम पर अशोक गहलोत मुख्यमंत्री राजस्थान सरकार द्वारा जिस तरह से बयान दिया गया वो बड़ा ही शर्मनाक है। शर्मा ने कहा कि कुछ दिनों पहले बूंदी में पुलिस की मौजूदगी में एक मौलवी ने नुपुर शर्मा की हत्या की बात कही थी, लेकिन आज तक उस पर भी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं हुई। जिसका परिणाम आज उदयपुर शहर में देखने को मिला है। शर्मा ने कहा कि कुछ समय पहले उत्तर प्रदेश में भी कमलेश तिवारी को भी इसी प्रकार घर में घुसकर धोखे से मारा गया था। अब हर हिंदू समाज के लोगों को जागरूक किया जाएगा और इनको पनाह देने वाली सरकार को भी माफ नहीं किया जाएगा।

### छात्राओं में एन्टरप्रन्योरशीप बढ़ाने के लिए सेमिनार का आयोजन आज

**जयपुर @ जागरूक जनता।** विद्याधर नगर स्थित बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज और खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के संयुक्त तत्वाधान में 'भविष्य के एन्टरप्रेन्योर्स के लिए बिजनेस आईडिया'' विषय पर सेमिनार का आयोजन कॉलेज ऑडिटोरियम में आज किया जाएगा। भारत सरकार के एमएसएमई सप्ताह के अन्तर्गत आयोजित इस सेमिनार के मुख्य अतिथि खादी ग्रामोद्योग, राजस्थान के स्टेट डायरेक्टर बद्री लाल मीणा होंगे। इसी के साथ सेमिनार में मिसेज इंडिया इंटरनेशनल और दीप्रा की सीईओ और फांउडर दीप्ति सैनी, कॉल द डॉक्टर हैल्थकेयर सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ अक्षत तिवारी, स्टेट प्रोफेशनल लर्निंग प्राइवेट लिमिटेड के फाउंडर अंकित पितालिया छात्राओं को स्टार्टअप शुरू करने के आईडिया, प्रक्रि या और बैंक और सरकार की तरफ से मिलने वाले लोन के बारे में बताएंगे।

ANCHOR | बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय एवं सिविलवॉलेट फाउंडेशन

# शिक्षा समुदाय हेतु सुरक्षा मानक महत्वपूर्ण-कुलपति

### सिंबल ऑफ़ सेफ्टी" कार्यक्रम के तहत बीटीयू और सम्बद्ध कॉलेजो के मध्य आयोजित हुई संवाद श्रंखला

**जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**बीकानेर।** शिक्षा समुदाय के सामुदायिक विकास और सम्बद्ध महाविद्यलयों से जुड़े विद्यार्थियों की सर्वांगीण सुरक्षा की सामाजिक मुहिम के साथ बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय एवं सिविलवॉलेट फाउंडेशन की शैक्षणिक नवाचार परियोजन सिंबल ऑफ़ सेफ्टी का बीटीयू और सम्बद्ध कॉलेजो के मध्य आयोजित हुई ऑनलाइन संवाद श्रंखला के माध्यम से आगाज किया गया। जिसमे बीटीयू के 32 सम्बद्ध कॉलेजो के निदेशक, प्राचार्य और कोर्डिनेटरस और उच्च एवं तकनीकी शिक्षा से जुड़े हितधारको ने सहभागिता निभाई। इस अवसर पर सिविलवॉलेट के सीईओ विक्रम सिंह कविया, सिविलवॉलेट नोडल अधिकारी उरोज सुल्ताना, बीटीयू नोडल अधिकारी डॉ गायत्री शर्मा एवं डॉ अलका स्वामी उपस्थित थी। इस अवसर पर उच्च शैक्षणिक संस्थानों, विश्विद्यालय और सिविलवॉलेट के मध्य विद्यार्थियों की सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर चर्चा हुई।

जनसंपर्क अधिकारी विक्रम राठौड़ ने बताया की बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय दुवारा प्रदेश में प्रथम बार आईएसआर इंस्टिट्यूशन सोशल रिस्पांसिबिलिटीज दायित्वों के अंतर्गत सामुदायिक विकास की अवधारणा के साथ सिविलवॉलेट फाउंडेशन के सहयोग से प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था में सुरक्षा मानको की अभिनव परियोजना सिंबल ऑफ़ सेफ्टी अभियान का शुभारम्भ किया गया है जिसके लिए डॉ.गायत्री शर्मा को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया हैं और प्रत्येक कॉलेज स्तर पर एक कोर्डिनेटर नियुक्त किया गया है जो कि इस योजना का प्रभावी संचालन और क्रियान्वयन करेंगे। अभियान की शुरुआत करते हुए इंटरेक्शन सेशन में सम्बद्ध कॉलेजो को संबोधित करते हुए कुलपति प्रो. अम्बरीष शरण विद्यार्थी ने कहा की भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी उच्च शिक्षा प्रणाली हैं, लेकिन सुरक्षा मानकों पर हम आज अन्य शिक्षा व्यस्थाओ से बहुत पीछे हैं, आज की सदी में सूचना और ज्ञान से संचालित समाज का प्रभुत्व है। उद्योगीकरण और आर्थिक विस्तार से दुनियाभर में तकनीकी बदलाव हो रहे हैं। ऐसे में विश्वविद्यालयों से सामाजिक बदलाव में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने और पारंपरिक रूप से प्रचलित व्यस्था में बदलाव की आवश्यकता है।

समाज के विकास में शिक्षा का महत्व सर्वोपरि है, समाज का सर्वाधिक विकास तभी हासिल किया जा सकता है जब लोगों के चहुंमुखी विकास के लिए शिक्षा में सुरक्षा मानको को सम्मलित किया जाए। समाज की आकांक्षाओं, मूल्यों और विकास की प्राथमिकताओं के लिए उच्च शिक्षा अहम है। इन सबका नियमित मूल्यांकन और उच्च शिक्षा व्यस्था में सुरक्षा मानको को सम्मलित कर सुधार किया जाना चाहिए। शैक्षणिक गतिविधियों के संचालन के साथ-साथ सम्बद्ध महाविद्यालय दुवारा विद्यार्थी की सुरक्षा भी उनकें प्रमुख दायित्व में से एक है, संस्था परिसर में ऐसा वातावरण देने का प्रयास करे की जिसमें हर विद्यार्थी अपने आप को सुरक्षित महसूस कर सकें।

संस्था में इस बात का विशेष ध्यान रखे कि किसी भी विद्यार्थी को भय, तनाव, असुरक्षा एवं डर जैसा अनुभव ना हो और उन्हें ऐसे अवसर प्रदान करें की वह अपनी किसी भी तरह की समस्या को विश्वविद्यालय और महाविद्यालय के साथ खुलकर साझा कर सकें। विद्यार्थी की सफलता-असफलता का उसके सुरक्षित रहने के साथ गहरा संबंध है तथा विद्यार्थी की सुरक्षा से किसी भी प्रकार का समझौता उसके जीवन पर गहरा असर डाल सकता है। शैक्षिक संस्थानों से जुड़े विद्यर्थियों की सर्वांगीण सुरक्षा के दृष्टिकोण में अभिवृद्धि के लिए सिंबल ऑफ़ सेफ्टी को एक सामजिक मंच के रूप में विकसित किया गया है। इस परियोजना का उद्देश्य सुरक्षा स्तरीय मानदंडों और सुरक्षा प्रथाओं के प्रति जागरूकता और नैतिक रूप से मजबूती प्रदान करना है। सिविलवॉलेट फाउंडेशन के मुख्य कार्यकारी अधिकारी विक्रम सिंह कविया अभियान की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए कहा बीकानेर तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध सभी कॉलेजो में ÷सिंबल ऑफ़ सेफ्टी÷ कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू किया जा रहा हैं। सिविलवॉलेट फाउंडेशन के प्रमुख रूप से सुरक्षा और सुरक्षा के मुद्दों पर उत्कृष्टता केंद्र विकसित करेगा जहां उत्कृष्टता केंद्र को शिक्षा समुदाय और अन्य संस्थानों के लिए एक मॉडल के रूप में पेश किया जाएगा। हम इस अभियान के माध्यम से सुरक्षा और सुरक्षा के बारे में छात्रों और संस्थानों को जागरूक करने के का सफल प्रयास करेंगे, ताकि शिक्षा समुदाय की सुरक्षता के प्रति सजगता और कौशल को बढाया जा सके। यह सिंबल मुख्य रूप से शैक्षणिक संस्थानों के उपयोग के लिए बनाया गया है सभी संस्थान इस सिंबल का उपयोग करने के लिए पूर्ण रूप से स्वतंत्र होंगे। इस सिंबल के उपयोगकर्ता अपने परिसर में उपस्थिति हर व्यक्ति की सुरक्षा के प्रति पूर्ण रूप से गंभीर है। वह हर सम्भव इस बात का प्रयास करते है कि उनके परिसर में उपस्थित कोई भी व्यक्ति अपने आप को असुरक्षित महसूस ना करे।। सिंबल ऑफ सेफ्टी मात्र एक सिंबल नही है बल्कि एक भरोसे का, एक विश्वास का एवं एक वचनबद्धता का प्रतीक है, जो इस सिंबल के उपयोगकर्ता के द्वारा उनके परिसर में उपस्थित समस्त समुदाय और व्यक्तियों के लिए दिया जा रहा है।

नोडल अधिकारी उरोज सुल्ताना ने कहा की विद्यार्थियों के भविष्य के लिए कौशल विकास के लिए आज संस्थागत सुरक्षा एक महत्वपूर्ण मुद्दा हैं, भारत की प्राचीन शिक्षा व्यवस्था में छात्रों के संपूर्ण विकास पर जोर दिया जाता था। इसके लिए सामाजिक संरक्षण, उच्च कोटि का ज्ञान, विवेचनात्मक सोच, जीविकोपार्जन के लिए उन्हें तैयार करने और नैतिक मूल्य विकसित करने पर फोकस रहता था ताकि वे बेहतर समझ और नैतिकता वाले इंसान बन सकें। आज हमारे विश्वविद्यालयों को ये सब बातें सुनिश्चित करने की दरकार है। विश्वविद्यालयों और अन्य उच्च शिक्षा संस्थानों के छात्रों को सुरक्षा आधारित शिक्षा प्रणाली को तैयार करना होगा।